हरिभूमि
रायपुर भूमि



## ट्रेन मैनेजर ने गिनाई वंदे भारत की विशेषताएं

ट्रेन में सफर के दौरान ट्रेन मैनेजर एसके मंडल ने यात्रियों को आधुनिक सुविधा के बारे में बताया कि यह ट्रेन सिर्फ 50 सेकंड के अंदर 100 किलोमीटर की रफ्तार पकड़ सकती है। रेलवे ने इस ट्रेन को 160 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलाने की योजना बना रखी है। 130 स्पीड पर यह ट्रेन अभी संचालित हो रही है। जिस तरह फ्लाइट में बताया जाता है, वैसी ही यात्रियों को बताया गया कि ट्रेन की सभी बोगियां वातानुकूलित हैं। हर कोच में ऑटोमेटिक शेष पेज 11 पर

# फ्री में वंदेभारत का सफर करने उमड़ी भीड़, 130 की रफ्तार से दौड़ी ट्रेन

## दूरबीन की मदद से 2 किलोमीटर तक निगरानी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

- वंदेभारत के शुभारंभ में छत्तीसगढ़, आंध्रप्रदेश और ओडिशा समुदाय के लोगों ने सफर कर बांटी खुशियां
- दूरबीन से लेकर ड्रोन तक आरपीएफ ने की ट्रेन की निगरानी, हर कोच व फाटकों पर मुस्तैद रहे जवान

दुर्ग से विशाखापट्टनम वंदे भारत एक्सप्रेस सोमवार को 1200 यात्रियों को लेकर रायपुर से दोपहर 4:30 मिनट पर रवाना हुई। आधुनिक सुविधा से लैस विशेष ट्रेन की एक झलक पाने के लिए सभी वर्ग के लोग उत्सुक नजर आए। ट्रेन की सौगात मिलने से आंध्रप्रदेश, ओडिशा और छत्तीसगढ़ के विभिन्न समुदाय के लोगों ने स्टेशन में उत्सव मनाया। खास बात यह रही कि रेलवे ने हजार से अधिक लोगों को शेष पेज 11 पर



### बच्चों ने कहा- थैंक्यू रेलवे

वंदेभारत के पहले परिचालन में रेलवे ने 1500 लोगों का आमंत्रित किया था, जिसमें हजार से अधिक यात्रियों ने ट्रेन में सफर किया। ट्रेन में सफर करने को लेकर बच्चों में काफी उत्साह नजर आया। नन्हे बच्चों ने रेलवे को वंदेभारत पर फ्री में सफर कराने के लिए धन्यवाद कहा। कुछ ने कहा कि ट्रेन शुरू शेष पेज 11 पर



## खबर संक्षेप

### गांजा सप्लायर चेन का खुलासा, दो गिरफ्तार




**रायपुर।** देवेंद्र नगर थाना क्षेत्र में पिछले दिनों जब्त 50 किलो गांजा मामले में पुलिस ने सप्लाई चेन को तोड़ते हुए दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गांजा सप्लाई करने के आरोप में ओडिशा बलांगीर निवासी उमाकांत महानंदा तथा रायपुर में रहकर गांजा खपाने का काम करने वाले बलांगीर निवासी डेविड महानंदा को गिरफ्तार किया है। गौरतलब है कि पुलिस ने 13 सितंबर को तीन लोगों के कब्जे से एक कार की डिक्की से गांजा जब्त किया था।

### चोरी मामले में एक आरोपी गिरफ्तार, दूसरा फरार

**रायपुर।** राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र के एक सूने मकान में 60 हजार रुपए नकदी सहित एक लाख रुपए के सोने-चांदी के जेवर चोरी करने के




आरोप में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, वहीं दूसरा आरोपी फरार बताया जा रहा है। पुलिस के मुताबिक, बजाज कॉलोनी निवासी बबली शील के मकान में चोरी करने के आरोप में राकेश यादव को गिरफ्तार किया है। राकेश ने अपने साथी रोशन धृतलहरे के साथ मिलकर चोरी की घटना को अंजाम दिया था।

### अज्ञात वाहन की चपेट में आकर युवक की मौत

**रायपुर।** आरंग थाना क्षेत्र में अज्ञात वाहन की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल एक युवक की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस मर्ग कायम कर अज्ञात वाहन की पतासाजी करने में जुटी है। एक्सीडेंट में राकेश वर्मा की मौत हुई है। रसनी स्थित एक ढाबा के पास तेज रफ्तार एक अज्ञात वाहन के चालक ने राकेश की बाइक को टक्कर मार दी। इससे राकेश गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए आरंग स्थित अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई।

### लाखों की चोरी, आरोपी प. बंगाल से गिरफ्तार



**रायपुर।** चोरी के एक बड़े मामले में रायपुर पुलिस ने आरोपी को पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार किया है। रायपुर पुलिस की टीम आरोपी को पकड़ने के लिए वहां विगत 2 दिनों से डेरा डाले हुए थी। 14 सितंबर की रात डेढ़ बजे उसे पुलिस ने धर लिया और गिरफ्तार कर रायपुर लेकर आए। सिविल लाइंस थाना प्रभारी ने चोरी के आरोपी रौनक डे को कोर्ट में पेश किया, जहां कोर्ट ने आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया

## नागपुर पुलिस की मदद से छात्र वारंगल पहुंचे, एक एजेंट पर केस दर्ज

# टूर एंड ट्रैवल्स में बड़ा फ्राड, वारंगल के लिए 50 छात्रों से लिया पैसा और नागपुर में उतार दिया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

इंटर स्टेट बस टर्मिनल में टूर एंड ट्रैवल्स एजेंसी के साथ उनके द्वारा पोषित अनाधिकृत एजेंटों की मनमानी थमने का नाम नहीं ले रही। ऐसे ही एक मामले में सनी टूर एंड ट्रैवल्स एजेंसी के एक एजेंट ने तेलंगाना परीक्षा देने जा रहे 50 छात्रों का वारंगल का टिकट काटकर उन्हें वारंगल भेजने के बजाय नागपुर की बस में सवार कर भेज दिया। नागपुर पहुंचे परीक्षार्थी स्थानीय पुलिस की मदद से वारंगल पहुंचे। लौटने के बाद परीक्षार्थियों की शिकायत पर पुलिस ने एक एजेंट के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है।

पुलिस के मुताबिक छात्रों के साथ ठगी करने के आरोप में ट्रैवल्स एजेंसी के एजेंट सौरभ वैष्णव के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया है। छात्रों के अनुसार उन लोगों ने 12 सितंबर को वारंगल जाने 50 छात्र, जिसमें लड़कियां भी शामिल हैं, एजेंट के माध्यम से टिकट बुक कराया। एजेंट को छात्रों ने एडवांस के रूप में 40 हजार रुपए दिए। टिकट कटाने के दो दिन बाद 14 सितंबर को छात्र बस में सवार हुए तब बकाया राशि देकर रवाना हुए।

छात्रों ने पुलिस को बताया है कि वे 15 सितंबर को नागपुर पहुंचे। इसके बाद कंडक्टर ने छात्रों को बस आगे नहीं जाने की बात कही। छात्रों ने शेष पेज 11 पर

## विद्यार्थियों के साथ ठगी, शिकायत के बाद केस दर्ज

### जिम्मेदारों ने मोबाइल बंद किया

छात्रों के अनुसार नागपुर पहुंचने के बाद उन लोगों ने संबंधित ट्रैवल्स एजेंसी तथा उसके एजेंट से संपर्क किया, तो उन लोगों ने उन्हें संतोषप्रद जवाब देने के बजाय अपना मोबाइल बंद कर दिया। एक टूर एंड ट्रैवल्स के संचालक के मुताबिक रायपुर से नागपुर का भाड़ा 50 छात्रों का 20 हजार रुपए के करीब है। एजेंट ने छात्रों के साथ 80 हजार रुपए की ठगी की है।




### नागपुर पुलिस की मदद से पहुंचे वारंगल

ट्रैवल्स एजेंट से ठगे जाने से आहत छात्र मदद की गुहार लगाने नागपुर स्थित गणेश पेठ पुलिस थाना पहुंचे। पुलिस को घटना की जानकारी देते हुए मदद की गुहार लगाई। स्थानीय पुलिस ने छात्रों की परेशानी को देखते हुए स्थानीय एजेंट के माध्यम से छात्रों को वारंगल भेजने की मदद की।

### भूखे प्यासे रिपोर्ट लिखाने इंतजार करते रहे

वारंगल से जैसे तैसे कर सोमवार को छात्र वापस रायपुर पहुंचे। इसके बाद छात्रों ने सहायता केंद्र में पुलिस को घटना की जानकारी दी। छात्रों के अनुसार आरोपी टूर एंड ट्रैवल्स कंपनी तथा एजेंट के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने वे भूखे प्यासे रहकर थाने का चक्कर लगाते रहे। इसके बाद शाम छह बजे के करीब पुलिस ने एक एजेंट के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। अपराध दर्ज होने के बाद भी आरोपी अब तक पुलिस गिरफ्त से बाहर है।

### प्रशासन की सख्ती का असर नहीं

इंटर स्टेट बस टर्मिनल में यात्रियों के साथ मनमानी अप्रिय व्यवहार करने पर रोक लगाने पुलिस के साथ परिवहन विभाग के अफसर समय-समय पर बैठक लेते हैं। नियम विरुद्ध कार्य करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने की चेतावनी दी जाती है। बावजूद इसके यात्रियों के साथ अप्रिय व्यवहार के साथ आए दिन लूट तथा ठगी की घटनाएं सामने आ रही हैं।

# पांच सदस्यीय दल पता लगाएगा कहां से आईं कबाड़ में किताबें

- रविवार को सिलयारी की एक फैक्ट्री में गलाई जा रही थी लाखों किताबें
- विवाद बढ़ने के बाद अब जांच का फैसला


फैक्ट्री ने हो रद्दी थी गलाने को कोशिश
किताब पर बवाल, लाखों किताबें कर दी रद्दी के हवाले, फैक्ट्री में हंगामा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

कबाड़ में मिली किताबों की जांच करने के लिए कमेटी बनाई गई है। विवाद बढ़ने के बाद पांच सदस्यीय दल का गठन किया गया है। यह दल पूरे मामल की जांच करेगा। गौरतलब है कि रविवार को सिलयारी स्थित एक फैक्ट्री में लाखों की संख्या में वर्तमान शैक्षणिक सत्र की किताबें मिली थीं। इन किताबों को गलाकर पुनः कागज बनाया जा रहा था। पूर्व विधायक और कांग्रेस नेता विकास उपाध्याय फैक्ट्री में छापा मारने के बाद देर रात तक धरने पर बैठे रहे थे।

पेपर मिल के गोदाम में वर्तमान सत्र की सरकारी किताबों का जखीरा बरामद होने के मामले में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा छग पाठ्य पुस्तक निगम के प्रबंध संचालक राजेंद्र कटारा की अगुवाई में इस जांच दल का गठन किया गया है। दल में डीपीआई के अतिरिक्त संचालक डॉ. योगेश शिवहरे, संयुक्त संचालक राकेश पांडेय, पाठ्य पुस्तक निगम के महाप्रबंधक प्रेम प्रकाश शर्मा और कलेक्टर को शामिल किया गया है।

### आज प्रेस वार्ता

इसी मामले को लेकर पूर्व विधायक विकास उपाध्याय द्वारा मंगलवार को प्रेसवार्ता आयोजित की गई है। पूर्व सांसद छाया वर्मा, पूर्व विधायक अनीता शर्मा और उद्योराम वर्मा राजीव भवन में पत्रकार वार्ता को संबोधित करेंगे। कांग्रेस नेताओं ने बड़े घोटाले का अंदेशा जताया है। पूर्व विधायक का कहना है कि सभी किताबें वर्तमान सत्र की हैं। बड़ी संख्या में बच्चों तक किताबें नहीं पहुंच पाती हैं। ऐसे में किताबों की इस तरह की स्थिति चिंताजनक है।

# एमएमआई कांड में तीन घंटे लंबी पूछताछ, रेड एंबुलेंस की कमियां देखने थाने जाएगी जांच टीम

- नहीं पहुंची एयरक्राफ्ट की टेक्निकल टीम, नोटिस जारी करने की तैयारी
- महिला की मौत के मामले में उजागर हो रही लापरवाही


एमएमआई कांड, लापरवाही तय करने अस्पताल प्रबंधन और पीड़ित परिवार आज होंगे आमने-सामने

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

एमएमआई में भर्ती स्वाइन फ्लू पीड़ित महिला की मौत के मामले में धीरे-धीरे लापरवाही उजागर होती जा रही है। स्वास्थ्य विभाग की जांच टीम ने दोनों पक्षों से मामले में तीन घंटे तक पूछताछ की। टीम रेड एंबुलेंस की कमियों का पता लगाने थाने तक जाएगी। सूचना के बाद भी एयरक्राफ्ट से संबंधित कोई भी टेक्निकल स्टाफ उपस्थित नहीं हुआ। अब उन्हें नोटिस जारी करने की तैयारी की जा रही है। 49 वर्षीय भारती खेमानी की मृत्यु के मामले में जांच टीम धीरे-धीरे जिम्मेदारों के करीब पहुंचती जा रही है। स्वास्थ्य मंत्री शेष पेज 11 पर

### बिना अनुबंध के एंबुलेंस

पूछताछ के दौरान यह बात सामने आई है कि प्रतिष्ठित अस्पताल माने जाने वाले एमएमआई नारायणा से रेड एंबुलेंस का किसी तरह का अनुबंध तो नहीं है। यह जानकारी चौंकाने वाली जरूर है कि बिना अनुबंध के रेड एंबुलेंस अस्पताल में काउंटर लगाकर मरीजों को वाहन और जरूरत होने पर एयर एंबुलेंस तक उपलब्ध कराती है। एमएमआई से दूसरे राज्य के अस्पतालों को रेफर किए जाने वाले मरीजों के परिजन अस्पताल के काउंटर से ही एंबुलेंस, एयर एंबुलेंस संबंधी भुगतान करते हैं।

### रिपोर्ट के आधार पर जिम्मेदारी

गठित टीम अपनी जांच कर रही है। तमाम पहलुओं और आरोपों के साथ संबंधित दस्तावेजों का अध्ययन किया जा रहा है। समिति की रिपोर्ट के आधार पर जिम्मेदारी तय की जाएगी। कमेटी को शीघ्र जांच पूरी करने निर्देशित किया गया है।

- डॉ. मिथिलेश चौधरी
जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी

### सैकड़ों एंबुलेंस मगर कमान नहीं

इस मामले की जांच के दौरान यह कमियां भी उजागर होने लगी हैं कि राज्य में निजी एंबुलेंस सैकड़ों की संख्या में संचालित हो रही हैं। इनमें मरीजों से संबंधित आवश्यक उपकरण, टेक्निकल स्टाफ है अथवा नहीं। मानिटरिंग के लिए किसी की जिम्मेदारी तय नहीं की गई है। दावा यहां तक किया जा रहा है कि बड़ी संख्या में लोग चारपहिया वाहन खरीदकर उन्हें कई निजी अस्पतालों में अटैच कर एंबुलेंस के रूप में संचालित करते हैं और मरीजों की जान जोखिम में डालते हैं।

# उत्तरी हिस्से में हुई बारिश मध्य में केवल बादलों के रूप में रहा बदलाव

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

सिस्टम के छत्तीसगढ़ के नजदीक पहुंचने की वजह से प्रदेश के उत्तरी हिस्से में असर नजर आने लगा है। बलरामपुर सहित कई इलाकों में वहां 10 से 15 सेमी. तक बारिश हुई है। रायपुर सहित मध्य इलाकों में इसका प्रभाव केवल बादलों के रूप में नजर आया। सिस्टम कल उत्तर छत्तीसगढ़ तक पहुंचेगा, तब यहां बरसात होने की थोड़ी उम्मीद है।

- सर्वाधिक 15 सेमी. बारिश बलरामपुर में दर्ज, रायपुर में कुछ नहीं

मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों के अनुसार बंगाल की खाड़ी से उत्तर छत्तीसगढ़ की ओर आ रहा सिस्टम काफी प्रबल है, मगर ऊंचाई अधिक होने की वजह से इसका असर बहुत ज्यादा कारगर नहीं हो पाया है। सिस्स्टम का प्रभाव पिछले चौबीस घंटे में उत्तरी इलाके में जरूर देखने को मिला है। बलरामपुर जिले के रामचंद्रनगर में पिछले चौबीस घंटे में सर्वाधिक 15 सेमी. बारिश दर्ज की गई है। इसके अलावा कुसमी में 13, सामरी में 12, वाड्रफनगर में 11, रामानुजगंज, रघुनाथ नगर, चांदो में 8 सेमी., प्रतापपुर में 7 सेमी. बारिश हुई है। शहर में सिस्टम के प्रभाव से काफी घने बादल छाए रहे। इससे स्थिति लगातार बनती रही, मगर वर्षा नहीं हो पाई। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि कल भी सरगुजा संभाग में भारी शेष पेज 11 पर

# आवंटन के बाद छोड़ी सरकारी सीट तो काउंसिलिंग से बाहर, नर्सिंग कालेजों में आज से एडमिशन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

आवंट्न के बाद अगर कोई छात्र शासकीय नर्सिंग कालेज में एडमिशन नहीं लेता है तो उसे काउंसिलिंग से बाहर कर दिया जाएगा। निजी नर्सिंग कालेजों के लिए आवंटन प्राप्त विद्यार्थियों के लिए यह नियम लागू नहीं होगा। बीएससी, एमएससी सहित तमाम नर्सिंग पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए चिकित्सा शिक्षा विभाग ने पहली आवंटन सूची जारी कर दी है। प्रवेश की प्रक्रिया मंगलवार से प्रारंभ होगी, जो 19 सितंबर तक पूरी की जाएगी।

राज्य के आठ शासकीय और 116 निजी नर्सिंग कालेजों में सर्वाधिक 7221 सीट बीएससी नर्सिंग की है। इस विषयों पर एडमिशन पहले चरण में व्यापम की परीक्षा में 50 प्रतिशत न्यूनतम अंक पाने वाले विद्यार्थियों को प्रवेश के लिए पात्र किया जाएगा। चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा सोमवार को जारी पहली आवंटन सूची में प्रवेश परीक्षा शेष पेज 11 पर

## चिकित्सा शिक्षा विभाग ने जारी की आवंटन सूची, सर्वाधिक सीट बीएससी की


नर्सिंग पाठ्यक्रमों के लिए पंजीयन कम, इसलिए दो दिन समय बढ़ाया

### छह साल पहले नियम हर बार परिवर्तन

इंडियन नर्सिंग काउंसिल द्वारा बीएससी प्रवेश के लिए छह साल पहले 50 प्रतिशत न्यूनतम अंक का नियम बनाया गया था। उसी दौरान से निजी नर्सिंग कालेज द्वारा इसका विरोध किया जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक हर साल शुरुआत में प्रवेश आईएनसी के नियम के हिसाब से दिया जाता है फिर सीटों के खाली होने की वजह से जीरो परसेंटाइल नियम को अपना लिया जाता है।

### नियम के अनुसार प्रवेश

नर्सिंग विषयों में प्रवेश मंगलवार से दिया जाएगा। इसके लिए आईएनसी द्वारा निर्धारित नियम का पालन किया जा रहा है।

- **प्रवीण कुमार बंजारे**, अध्यक्ष
नर्सिंग काउंसिलिंग कमेटी

### कुल सीट

| | |
|---|---|
| बीएससी नर्सिंग | 7221 |
| पोस्ट बेसिक नर्सिंग | 875 |
| एमएससी | 987 |
| पोस्ट बेसिक फिजियाट्रिक डिप्लोमा | 20 |

### 13463 विद्यार्थी हैं बीएससी के लिए पात्र

व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा ली गई प्रवेश परीक्षा में कुल 27884 लोग शामिल हुए थे। इसमें से 13463 विद्यार्थियों को प्रवेश के लिए पात्र माना गया है। राज्य में बीएससी नर्सिंग की 7221 सीट है। पहले दौर में प्रवेश के लिए 5509 लोगों ने अपना पंजीयन कराया है और 4026 लोगों को सीट का आवंटन किया गया है और 1483 को अगले काउंसिलिंग में सीट अलॉट किए जाने की संभावना है।

# सड़क दुर्घटना में मदद करने वाले चार सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायलों को मदद करने वाले तथा उन्हें अस्पताल भेजने वाले चार लोगों को एसएसपी संतोष सिंह ने गुड सेमेरिटंस (नेक नागरिक) के रूप में सम्मानित किया है। एसएसपी ने जिन चार लोगों को सम्मानित किया है, उनमें अभनपुर निवासी किशन वर्मा, संजय साहू, महासमुंद बिरकोनी निवासी निक्की कोशले तथा उरला निवासी गौतम साहू के नाम शामिल है।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें
9827555678, 8224868411

**खबर संक्षेप**

## प्रधानमंत्री को मुख्यमंत्री ने दी जन्मदिन की बधाई




**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जन्मदिन की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देते हुए उनके यशस्वी, सुदीर्घ, स्वस्थ और खुशहाल जीवन की कामना की है। मुख्यमंत्री ने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश सेवा की उत्कृष्ट मिसाल प्रस्तुत की है। उनके कुशल नेतृत्व में भारत विश्व की पांचवी बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। देश ने सभी क्षेत्रों में नई ऊंचाईयां हासिल की हैं। उन्होंने कहा है कि प्रधानमंत्री ने 2047 तक विकसित भारत का जो विजन दिया है, उसी के अनुरूप हम विकसित छत्तीसगढ़ का विजन डाक्यूमेंट तैयार कर रहे हैं।

## वीआरएस अब 17 साल की सेवा के बाद

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के शासकीय सेवक अब 17 साल की सेवा पूरी होने के बाद वीआरएस ले सकते हैं। राज्य सरकार ने इस व्यवस्था को लागू करने के लिए (वीआरएस) स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति लिये जाने के लिए छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (पेंशन) नियम, 1976 में संशोधन किया है। उल्लेखनीय है कि पूर्व में वीआरएस के लिए 20 साल की सेवा अवधि पूरी होने की अनिवार्यता थी। राज्य सरकार ने अब इस संबंध में नया संशोधन जारी किया है। केंद्रीय सरकार के अधीन काम करने वाले शासकीय सेवकों के लिए इससे अलग प्रावधान है।

## मोर आवास-मोर अधिकार में शामिल होंगे सीएम

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय 17 सितंबर को सुबह 10.30 बजे राजधानी रायपुर के सरदार बलवीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम में आयोजित 'मोर आवास-मोर अधिकार' कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में अदिम जाति विकास मंत्री रामविचार नेताम, खाद्य मंत्री दयालदास बघेल, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंक राम वर्मा, रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक राजेश मूणत, पुरंदर मिश्रा, मोती लाल साहू, पद्मश्री अनुज शर्मा, इन्द्रकुमार साहू और गुरू खुशवंत साहेब उपस्थित रहेंगे।

## पायलट ने दी शर्मा को श्रद्धांजलि

**रायपुर।** एआईसीसी महासचिव एवं कांग्रेस के प्रभारी सचिन पायलट ने प्रदेश कांग्रेस के पूर्व महामंत्री स्व. सुभाष शर्मा के निवास जाकर उनको अपनी भावभीनी श्रद्धांजली अर्पित की। उन्होंने कहा, स्व. सुभाष शर्मा के निधन से कांग्रेस पार्टी को अपूरणीय क्षति हुई है जिसकी भरपाई होना मुश्किल है। इस अवसर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत, एआईसीसी सचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी एसए सम्पत कुमार, एआईसीसी सचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी जरिता लैतफलांग, एआईसीसी संयुक्त सचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी विजय जांगिड़, पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव, पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम उपस्थित थे।

# सदस्यता अभियान में ऐसा ऑफर, तीन हजार सदस्य बनाएं, मुख्यमंत्री के साथ भोजन करने का मौका पाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भाजपा का सदस्यता अभियान प्रदेश में बहुत तेज गति से चल रहा है। रोज एक लाख से ज्यादा सदस्य बन रहे हैं। अब तक 13 लाख सदस्य बन गए हैं। सदस्य बनाने के लिए कार्यकर्ताओं में दो तरह की होड़ चल रही है।

एक तो सक्रिय सदस्य बनने के लिए 50 सदस्य बनाने की होड़ है, इसके साथ ही दूसरी सबसे बड़ी होड़ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के साथ भोजन करने को लेकर है। प्रदेश संगठन ने सदस्यता अभियान में पहली बार ऑफर भी लाने का काम किया है। जो भी कार्यकर्ता तीन हजार सदस्य बनएंगे, उनको जहां मुख्यमंत्री के साथ भोजन करने का मौका मिलेगा, वहीं उनका सम्मान भी किया जाएगा। यह योजना आम कार्यकर्ता के लिए है।

प्रदेश में भाजपा का सदस्यता अभियान तीन सितंबर को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के साथ कई मंत्रियों और प्रदेश के दिग्गज नेताओं को एक कार्यक्रम में सदस्य बनाने के साथ प्रारंभ हुआ है। सदस्यता अभियान बूथ स्तर 6 सितंबर से चल रहा है। बूथों पर फोकस करते हुए हर बूथ में 200-200 सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है। बूथ में आम कार्यकर्ता जाकर सदस्य बनाने का काम कर रहे हैं। प्रदेश में 25 हजार के आस-पास बूथ हैं ऐसे में 50 लाख के लक्ष्य तक बूथों के माध्यम से ही पहुंचने की योजना भाजपा संगठन की है।

### ज्यादा सदस्य बनाने वाले कार्यकर्ताओं का सम्मान भी किया जाएगा

**ऐसा ऑफर पहली बार**

प्रदेश संगठन ने कार्यकर्ताओं में उत्साह के साथ सदस्य बनाने के लिए पहली बार एक ऑफर योजना भी बनाई है। इस योजना में कहा गया है कि जो भी सामान्य कार्यकर्ता तीन हजार या इससे ज्यादा सदस्य बनाने का काम करेंगे, उनको मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के साथ भोजन करने का मौका दिया जाएगा। इसके लिए डीनर या फिर लंच का आयोजन होगा। यही नहीं तीन हजार सदस्य बनाने वाले कार्यकर्ताओं का मुख्यमंत्री के हाथों सम्मान भी कराया जाएगा। इस योजना से सांसद, विधायकों को अलग रखा गया है क्योंकि उनको संगठन ने अलग से लक्ष्य दिया है। सांसदों को 20-20 हजार और विधायकों को 10-10 हजार सदस्य बनाने हैं। इस ऑफर के बाद शहर से लेकर गांवों तक भाजपा कार्यकर्ता इस प्रयास में जुट गए हैं कि उनके लिंक से तीन हजार सदस्य बन जाएं ताकि उनको मुख्यमंत्री के साथ भोजन करने का मौका मिल सके।



**तय की है ऐसी योजना**

कार्यकर्ताओं में उत्साह लाने के लिए ऐसी योजना तय की गई है। तीन हजार सदस्य बनाने वालों को मुख्यमंत्री के साथ भोजन करने का मौका मिलेगा और उनका सम्मान भी होगा।

- अनुराग सिंहदेव, प्रदेश संयोजक, सदस्यता अभियान समिति

### ग्लोबल रिन्यूएबल एनर्जी इन्वेस्टर्स मीट में शामिल हुए मुख्यमंत्री साय

# साय ने कहा- ऊर्जा उत्पादन का लक्ष्य पूरा करने में छत्तीसगढ़ का रहेगा अहम योगदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

गुजरात के गांधीनगर में चौथे ग्लोबल रिन्यूएबल एनर्जी इन्वेस्टर्स समिट एंड एक्सपो (री-इंवेस्ट-24) में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने भी हिस्सा लिया। मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ में क्लीन और ग्रीन एनर्जी के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों को मंच से साझा किया।

उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वर्ष 2030 तक 500 गीगावाट रिन्यूएबल एनर्जी उत्पादन के महत्वाकांक्षी लक्ष्य को पूरा करने में छत्तीसगढ़ राज्य का भी महत्वपूर्ण योगदान होगा। उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ सोलर एनर्जी, हायडल एनर्जी, बायोगैस से बिजली के उत्पादन की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। प्रदेश में बिजली की खपत 5500 मेगावाट है। प्रदेश में करीब 15 प्रतिशत बिजली का उत्पादन रिन्यूएबल एनर्जी के स्त्रोतों से किया जा रहा है। इसे आने वाले समय में 45 प्रतिशत तक बढ़ाने का हमारा लक्ष्य है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अक्षय ऊर्जा को बढ़ावा दिया जा रहा है। इससे जहां अक्षय ऊर्जा से जुड़े उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा, वहीं जलवायु परिवर्तन की बड़ी चुनौती से निपटने में भी सहायता मिलेगी। उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ में अक्षय ऊर्जा के उत्पादन की असीम संभावनाएं हैं। छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण क्रेडा के माध्यम से छत्तीसगढ़ में सौर ऊर्जा तथा अन्य गैर परंपरागत ऊर्जा स्त्रोतों को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने कहा, अक्षय ऊर्जा प्रदूषण मुक्त ऊर्जा का स्त्रोत है। नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा के स्त्रोत हमेशा मौजूद रहने वाले हैं। पूरी दुनिया इनकी ओर बढ़ रही है। छत्तीसगढ़ में भी हम सब अक्षय ऊर्जा के अधिक से अधिक उपयोग को बढ़ावा देने के लिए संकल्पित हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने वर्ष 2070 तक शून्य कार्बन उत्सर्जन का लक्ष्य रखा है। इस दिशा में छत्तीसगढ़ भी प्रमुख भूमिका निभाएगा।



**ये देश हुए शामिल :** एक्सपो समिट में मध्य प्रदेश, आंध्र प्रदेश, गुजरात, तेलंगाना, राजस्थान, कर्नाटक और उत्तर प्रदेश हिस्सा रहा हैं। वहीं इस साल प्रमुख अंतरराष्ट्रीय भागीदारों में ऑस्ट्रेलिया, डेनमार्क, जर्मनी और नॉर्वे जैसे देश भी शामिल हैं। गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल, केन्द्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रहलाद जोशी, आंध्रप्रदेश, राजस्थान, मध्यप्रदेश और गोवा के मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़ के उर्जा विभाग के सचिव पी. दयानंद एवं क्रेडा के सीईओ राजेश सिंह राणा भी उपस्थित थे।

### वनांचलों में सौर ऊर्जा से बिजली

प्रदेश के दूरस्थ एवं वनांचलों में स्थित गांवों में जहां बसाहटें काफी बिखरी हुई होती हैं। बसाहटों की दूरी एक दूसरे से दो-तीन किमी तक होती है। बीच में कोई नाला आ गया, कोई छोटी सी पहाड़ी आ गई। ऐसे में बिजली की लाइन खींचना बेहद कठिन होता है और लागत बढ़ जाती है। ऐसे क्षेत्रों में क्रेडा द्वारा सौर ऊर्जा से बिजली पहुंचाने का काम किया जा रहा है।

### ढाई हजार शासकीय भवन सौर ऊर्जा से रोशन

मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ में ढाई हजार से ज्यादा शासकीय भवन, आश्रम छात्रावास और स्वास्थ्य केंद्र सौर ऊर्जा से रोशन हैं। इसके लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर क्रेडा को वर्ष 2018 में सराहा गया। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री द्वारा प्रारंभ की गई पीएम सूर्यघर योजना से देश का आम आदमी अब बिजली खरीदने वाला नहीं, बिजली बेचने वाला बन जाएगा। छत्तीसगढ़ में भी इस योजना के उत्साह जनक परिणाम मिल रहे हैं। शहरी क्षेत्रों में वार्डवार शिविर लगाकर लोगों को इस योजना के संबंध में जागरूक किया जा रहा है और मौके पर ही फार्म भराए जा रहे हैं।

### तातापानी में 100 किलोवाट का भूतापीय विद्युत संयंत्र लगाने का निर्णय

उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर से भिलाई के बीच चरौदा में रेलवे की जमीन पर सोलर प्लांट लगाया गया है। इस सोलर प्लांट से रायपुर और दुर्ग की लोकल ट्रेन चल रही हैं। इसी तरह बलरामपुर जिले के तातापानी में गर्म जल के प्राकृतिक कुंड हैं। यहां लिया गया है। खेती-किसानी में भी सिंचाई के लिए सौर सिंचाई पंपों का उपयोग किया जा रहा है। क्रेडा द्वारा किसानों के खेतों में डेढ़ लाख से ज्यादा सोलर सिंचाई पंप स्थापित किए गए हैं।



# मरीज रेफर करने सरकारी अस्पतालों को बताना पड़ेगा ठोस कारण, निजी पैथोलॉजी लैब होंगे सूचीबद्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- स्वास्थ्य मंत्री ने ली वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए सीएमएचओ, सिविल सर्जन की बैठक

सरकारी अस्पतालों से थोक में मरीजों को रेफर करने के मामलों को गंभीरता से लिया जा रहा है। सरकारी अस्पताल अगर किसी मरीज को दूसरे हास्पिटल भेजते हैं, तो उन्हें ठोस वजह बताना होगा। आने वाले दिनों में कारणों का पता लगाने के लिए समीक्षा होगी और कमियों को सुधारा जाएगा। राज्य में संचालित निजी पैथोलॉजी लैब को एक महीने के अंदर सूचीबद्ध किया जाएगा। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने सोमवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए सीएमएचओ, सिविल सर्जन तथा विभिन्न योजनाओं के नोडल अधिकारियों की बैठक लेकर विभागीय कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने सरकारी अस्पतालों से मरीजों को दूसरे हास्पिटल रेफर किए जाने के मामले को गंभीरता से लिया और कहा कि इसके लिए संबंधित अस्पताल और डाक्टर को ठोस कारण बताना होगा, ताकि कमियों के बारे में जानकारी मिल सके। उन्होंने कहा कि राज्य में संचालित होने वाले पैथोलॉजी लैब को एक माह के भीतर सूचीबद्ध किया जाए और अनियमित लैब के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाए, ताकि मरीजों को आसानी से जांच संबंधी सुविधा मिल सके। चिकित्सकों के निजी प्रेक्टिस के मामले में उन्होंने कहा कि उन्हें नियमानुसार भत्ता दिया जा रहा है। इसके बाद भी यदि नियम विरुद्ध प्रेक्टिस करते हैं, तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। समीक्षा बैठक के दौरान मनोज कुमार पिंगुआ, एमडी एनएचएम जगदीश सोनकर तथा एमडी सीजीएमएमसी पद्मिनी भोई साहू भी उपस्थित थीं।

### तीन माह में पांच सौ जन औषधि केंद्र

राज्य के लोगों को सस्ते में दवा उपलब्ध कराने के लिए प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्रों को पुन सक्रिय किया जाएगा। सरकारी के साथ निजी सेक्टर में तीन माह के भीतर पांच सौ जनौषधि केंद्र खोले जाने की योजना बनाई गई है। इसके लिए विभागीय स्तर पर एक माह के भीतर योजना तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं।

### मौसमी बीमारी पर गंभीर

स्वास्थ्य मंत्री ने मौसमी बीमारी पर गंभीरता दिखाई है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया है इसकी रोकथाम के लिए लोगों को जागरूक बनाने का प्रयास किया जाए। मरीजों के इलाज में किसी तरह की कोताही नहीं होनी चाहिए, अस्पतालों में पर्याप्त दवा और जांच किट उपलब्ध होने चाहिए। स्वाइन फ्लू के मामले में विशेष सतर्क बरतने के निर्देश दिए गए हैं।

# पायलट ने वरिष्ठ नेताओं के साथ उपचुनाव निकाय और पंचायत चुनाव की बनाई रणनीति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी सचिन पायलट ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं की बैठक लेकर रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव, नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर पार्टी की रणनीति पर मंथन किया। वहीं संगठन को मजबूत बनाने को लेकर रिक्त पदों पर जल्द नियुक्ति के साथ संगठन में बदलाव को लेकर भी रणनीति तैयार की। संगठन में युवाओं नेताओं को जगह मिलेगी। वहीं कवर्धा में हुई घटना को लेकर कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल जाकर ग्रामीणों से चर्चा कर रिपोर्ट तैयार कर सरकार को घेरेगा।



कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में प्रदेश कांग्रेस की दो महत्वपूर्ण बैठक प्रदेश प्रभारी एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के प्रभारी सचिन पायलट की उपस्थिति में हुई। पहली बैठक दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव की तैयारी को लेकर हुई। चुनाव को लेकर शहर के 19 वार्ड के बूथ कमेटियों की समीक्षा की गई। यहां के प्रभारियों द्वारा यहां पर कार्यकर्ताओं की बैठक की जानकारी ली गई। सभी बूथों में नेताओं को उपचुनाव के पहले सक्रिय कर उन्हें कांग्रेस के पक्ष में माहौल बनाने में मदद करने कहा गया। वहीं उप चुनाव में प्रत्याशियों के चयन के संबंध में भी चर्चा की गई।

**महंत-बैज गले मिले कांग्रेस में मची हलचल**



छग कांग्रेस संगठन में बदलाव की खबरों के बीच नई तस्वीर सामने आई है। जहां डॉ. चरणदास महंत और पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज गले मिलते दिख रहे हैं। दरअसल प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट को विदा कर नेता प्रतिपक्ष डॉ. महंत पीसीसी अध्यक्ष के घर पहुंचे थे, जहां दोनों के बीच काफी देर तक हुई मंत्रणा हुई। यह तस्वीर सामने आई के बाद कांग्रेस में हलचल मची हुई है।

### नगरीय निकायो में जल्द नियुक्त होंगे प्रभारी

दूसरी बैठक प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं की आने वाले नगरीय निकाय, पंचायत के चुनाव के संबंध में तथा प्रदेश संगठन की गतिविधियों के संबंध में हुई। निकाय चुनाव को लेकर आने वाले दो माह बाद कभी कार्यक्रम जारी होने की संभावनाओं के बीच सभी निकायों में प्रभारी नियुक्त करने पर जोर दिया गया। प्रभारियों के माध्यम वहां के चुनाव की निगरानी जिला और ब्लॉक स्तर पर की जाएगी।

# एनजीटी की नई गाइडलाइन मूर्ति विसर्जन केवल कुंडों में हो

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में मंगलवार से गणेश प्रतिमा विसर्जन प्रारंभ हो जाएगा, लेकिन इससे पहले ही छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल ने मूर्ति विसर्जन संबंधी नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) की नई गाइड लाइन प्रदेश के सभी नगरीय निकायों को भेजी है और उस पर अमल करने कहा है। निर्देश में कहा गया है कि नगरीय निकाय क्षेत्र में मूर्ति विसर्जन से जल स्त्रोतों की गुणवत्ता प्रभावित होती है, जिससे जलीय जीव जंतुओं की जान को खतरा उत्पन्न होता है। यही नहीं, जल प्रदूषण की स्थिति भी उत्पन्न होती है। गणेश उत्सव एवं दुर्गोत्सव पर्व पर जल स्त्रोतों को प्रदूषण से बचाने के लिए मूर्ति विसर्जन केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा गाइड लाइन जारी की गई है।

### ये हैं एनजीटी के निर्देश

नदी और तालाब में विसर्जन के लिए विसर्जन पॉंड, बन्ड, अस्थाई पॉंड का निर्माण करके ही मूर्ति एवं पूजा सामग्री जैसे फूल, वस्त्र, कागज एवं प्लास्टिक से बनी सजावट की वस्तुयें इत्यादि मूर्ति विसर्जन के पूर्व अलग कर ली जाये तथा इसका निपटान (अपवहन) उचित तरीके से किया जाए। जिससे नदी या तालाब में प्रदूषण की स्थिति नियंत्रित हो सकें।

### विसर्जन स्थल पर न जाए वेस्ट मटेरिटल

निर्देश में कहा गया है कि विसर्जन के बाद वेस्ट मटेरियल, पूजा सामग्री, फूल कपड़े, प्लास्टिक पेपर, आदि को सुरक्षित एकत्र कर पुर्नउपयोग एवं कम्पोस्टिंग आदि में किया जा सकता है। वेस्ट मटेरियल विसर्जन स्थल पर जलाना प्रतिबंधित है। मूर्ति विसर्जन स्थल पर प्र्याप्त घेराबंदी व सुरक्षा की व्यवस्था की जाए। पूर्व से ही चिन्हांकित विसर्जन स्थल पर नीचे सिंथेटिक लाईनर की व्यवस्था की जाये तथा विसर्जन के बाद लाईनर, विसर्जन स्थल से हटाया जाये, जिससे कि मूर्ति विसर्जन के बाद उसका अवशेष बाहर निकाला जा सके। मूर्ति केवल प्राकृतिक, जैव अपघटनीय, ईको फ्रेंडली, कच्चे माल की बनी होनी चाहिए।

### हत्या के दो मामलों में बनी कांग्रेस की जांच समिति

**रायपुर।** सुकमा जिले के एतकल में जादू-टोने के नाम पर पांच लोगों की हत्या के मामले में कांग्रेस ने जांच समिति का गठन किया है। समिति में बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल को संयोजक नियुक्त किया गया है। समिति के अन्य सदस्यों में कवासी लखमा, विक्रम मंडावी, रेखचंद जैन, दुर्गेश राय और महेश्वरी मंडावी जिला अध्यक्ष सुकमा को शामिल किया गया है।




### राज्य में भय का माहौल अपराधी बेखौफ : बैज

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, प्रदेश में रोज-रोज हो रही हत्याओं से प्रदेश में भय का माहौल पैदा हो गया है। हत्या, लूट, डकैती, बलात्कार, गोलीबारी, गैंगवार की घटनाएं बढ़ गई हैं। सुकमा में पुलिस के हवलदार सहित पांच लोगों की हत्या कर दी गई। गृह मंत्री के जिले कवर्धा में एसपी और पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में एक उपसरपंच को जिंदा जला दिया गया। दो दिन पहले बलौदाबाजार जिले में टोनही बताकर 11 महीने के अबोध बच्चे सहित चार लोगों की हत्या कर दी गई। कानून का डर अपराधियों पर खत्म हो गया है। प्रदेश का आम आदमी अपने को असुरक्षित महसूस कर रहा है। साय सरकार प्रदेश के नागरिकों को जीवन जीने के लिये भय मुक्त वातावरण देने में असफल साबित हुई है।











## ओमकार बने साहू समाज के अध्यक्ष

रायपुर। साहू समाज द्वारा यतीयतन लाल वार्ड क्रमांक 4 में रविवार को गंगानगर, गोवर्धन नगर भनपुरी की बैठक ली गई। बैठक में उपस्थित समाज के लोगों ने सर्वसम्मति से साहू समाज का वार्ड अध्यक्ष ओमकार साहू को चुना। साथ ही महिला उपाध्यक्ष अमरीका साहू और यश कुमार साहू को चुना गया। इस अवसर पर शहर जिला साहू संघ के केशवराम साहू सहित वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## निधन

### विनोदिनी अग्रवाल



रायपुर। कुकुरबेड़ा निवासी विनोदिनी अग्रवाल का 15 सितंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 16 सितंबर को कोटा मुक्तिधाम में किया गया। वे स्व. भागीरथी अग्रवाल की पत्नी और डॉ. एचएस अग्रवाल, डॉ. एसएस अग्रवाल, यूएस अग्रवाल, उषा किरण अग्रवाल की माता थीं।

### श्याम सुंदर साहू



रायपुर। शुक्रवारी बाजार गुढ़ियारी निवासी श्याम सुंदर साहू (42) का 16 सितंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे पार्वती बिहार साहू के पुत्र, सावित्री साहू के पति एवं शीतल साहू के भाई व नितिन, निकिता के पिता थे।

### नीलम ठाकुर



रायपुर। पुरानी बस्ती निवासी नीलम ठाकुर का 16 सितंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 17 सितंबर को सुबह 11 बजे मारवाड़ी श्मशानघाट में किया जाएगा। वे विपिन ठाकुर की पत्नी और राधेश्याम ठाकुर की पुत्रवधू थीं।

### बृजनारायण मल्ल



रायपुर। लक्ष्मीनगर निवासी वन विभाग के रिटायर्ड रेंजर बृजनारायण मल्ल (जगदलपुर वाले) का 16 सितंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार राजेंद्र नगर मुक्तिधाम में किया गया। वे पूर्व महापौर जगदलपुर गीतेश मल्ल के पति और डॉ. सुनील मल्ल व डॉ. सचिन मल्ल के पिता थे।

### राघव शुक्ला



रायपुर। न्यू शांति नगर निवासी पं. हरिशंकर शुक्ला स्मृति महाविद्यालय के संस्थापक राघव शुक्ला (90) का 15 सितंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार देवेंद्र नगर मुक्तिधाम में किया गया। वे सुशील शुक्ला के पिता और आकाश शुक्ला के दादा थे।


### आम सूचना

सर्वजन सूचित होवे कि हमारे पक्षकार श्रीमती ऐनू साहू पति श्री सुरेश कुमार साहू निवासी गोकुल नगर गुढ़ियारी जिला रायपुर छग के द्वारा विक्रेता केशव प्रसाद अवस्थी पिता स्व. रमेश प्रसाद अवस्थी निवासी मालवीय नगर दुर्ग छ.ग. के स्वामित्व हक व आधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम धनौद पहन 27 रा.नि.मं. नवापारा तहसील अभनपुर जिला रायपुर छ.ग. खसरा नं 1159/1 का भाग रकबा 1320 वर्गफुट व खसरा नं. 1163 का भाग रकबा 1080 वर्गफुट भूमि को विक्रेता से पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 15.07.2021 के माध्यम से क्रय कर दखल कब्जा प्राप्त किया है जिसका राजस्व अभिलेखों में नामांतरण हमारे पक्षकार के द्वारा भूलवश नहीं कराया गया था चूंकि उक्त भूमि के वर्तमान राजस्व अभिलेखों में अब्दुल नईम पिता अब्दुल हफ़िस निवासी गोल बाजार के नाम दर्ज हैं जिसका मामला सक्षम न्यायालय में लंबित है।

अतः उक्त भूमि के संबंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था, संगठन, निकाय, उपक्रम, बैंक, वित्तिय संस्थान, शासकीय, अर्धशासकीय संस्थान आदि किसी भी प्रकार का कोई भी संव्यवहार, सौदा, विक्रय इकरार, रहन, बक्शीस, हस्तांतरण, अंतरण आदि अपने पक्ष में ना करे अथवा करावें अन्यथा हर्जा, नुकसानी अथवा संपूर्ण जवाबदारी उनकी स्वयं की होगी ।

सो सूचना जाने।

रायपुर छ.ग.
दिनांक 16/09/2024

भवदीय
आर.एस. भामरा, विजय कुमार तेजवानी
ए.आर. खान (अधिवक्तागण )
पता-गली नं.7, शिव मंदिर के सामने
तेलीबांधा रायपुर छ.ग. 492001
मो. 98274-76320

### आम सूचना

(ग्राम - कोलर प.ह.नं. 04, रा.नि.मं. खोरपा तहसील अभनपुर जिला रायपुर छ.ग. स्थित कृषि भूमि के संबंध में)

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार नें 1 श्रीमती संध्या अग्रवाल पति श्री अशोक अग्रवाल निवासी-रायपुरा, हाई स्कूल के पीछे, रायपुर एवं 2. श्रीमती कांता नवलखा पति श्री ललित नवलखा निवासी- पाम रेसीडेंसी, राजेन्द्र नगर, रायपुर (छ.ग.) से उनके संयुक्त भूमि स्वामी हक वो आधिपत्य की कृषि भूमि ग्राम कोलर, प.ह.नं. 04, रा. नि.मं. खोरपा, तहसील अभनपुर जिला रायपुर (छ.ग.) स्थित खसरा नंबर 70/22 (शामिल 71/14) रकबा 0.3640 हैक्टेयर में से 0.2930 हैक्टेयर है, जो कि ग्राम में पुराना धमतरी रोड मुख्य मार्ग पर स्थित है, को क्रय करने का सौदा तय कर अग्रिम राशि अदा कर चुके है। अब केवल सौदे की शेष राशि अदा कर विक्रय विलेख का निष्पादन एवं पंजीयन कराया जाना शेष है ।

अतः उपरोक्त संव्यवहार या उसके किसी भाग के स्वामित्व, आधिपत्य एवं अंतरण के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था, निकाय, बोर्ड या निगम, प्राधिकरण, साहूकार, शासन एवं प्रशासन आदि को कोई उजर, दावा या आपत्ति हो तो वह इस सूचना प्रकाशन तिथि से 07 दिनों के भीतर अपनी लिखित आपत्ति सुसंगत दस्तावेजों के साथ मेरे समक्ष नीचे लिखे पते पर प्रस्तुत करें, अन्यथा समयावधि उपरांत उक्त संपत्ति का पंजीयन मेरे पक्षकार द्वारा अपने पक्ष में करवा लिया जावेगा, तत्पश्चात प्राप्त कोई भी आपत्ति या दावा झूठा एवं नाजायज माना जावेगा तथा वह मेरे पक्षकार पर बंधनकारी वो बाध्यकारी नही होगा । सो सूचना जाने ।

स्थान : रायपुर (छ.ग.)
दिनांक : 16/09/2024

भवदीय
हेमन्त डहरवाल, अधिवक्ता
शॉप नं. 02, प्रथम तल, बाबजी कॉम्पलेक्स,
श्याम टॉकिज रोड, बुढ़ापारा, रायपुर (छ.ग.)
मोबाईल नं. 9993952220


# आयात शुल्क के नाम पर खाद्य तेलों में लूट का बड़ा खेल, पुराने स्टॉक में ही 30 रुपए तक बढ़ा दिए दाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

खाद्य तेलों में आयात शुल्क बढ़ने के बाद प्रदेशभर में पुराने स्टॉक में मुनाफाखोरी का जमकर खेल हो रहा है। जहां डूमरतराई थोक बाजार के कारोबारियों ने सोया और राइसब्रान जैसे तेलों में 20 रुपए प्रति लीटर तक का इजाफा कर दिया है, वहीं रायपुर शहर के छोटे थोक कारोबारियों ने भी कीमत 20 रुपए और चिल्हर दुकानदारों ने कीमत में 30 रुपए का इजाफा कर दिया है। जो सोया तेल बीते शुक्रवार को थोक में 100 रुपए और चिल्हर में 110 रुपए था, वह अब 140 रुपए में बेचा जा रहा है। इसी तरह से राइसब्रान का हरेली तेल भी थोक में 100 और चिल्हर में 110 रुपए बिक रहा था, उसको 140 रुपए में बेचा जा रहा है। डूमरतराई बाजार में रोज खाद्य तेलों का ही कारोबार रोज का 80 लाख से एक करोड़ का होता है।

केंद्र सरकार ने आयात शुल्क में इजाफा किया है। इसके बाद से ही राजधानी रायपुर के थोक से लेकर चिल्हर बाजार में कीमत में आग लग गई है। हालांकि आयात शुल्क बढ़ने के बाद अब तक न तो नया माल आया है और न ही तेल का उत्पादन करने वाली कंपनियों ने नई कीमत जारी की है, लेकिन राजधानी रायपुर के थोक कारोबारियों ने अपने मन से ही 20 रुपए तक कीमत में इजाफा कर दिया है। यह बढ़ी कीमत पुराने स्टॉक पर ली जा रही है। वैसे बीते माह ही थोक में पांच रुपए तक चिल्हर में कीमत में 5 से 15 रुपए तक प्रति लीटर में इजाफा किया गया था।

## डूमरतराई में रोज 80 लाख से एक करोड़ रुपए तक का बिकता है खाद्य तेल

### थोक में 20 रुपए तक बढ़े दाम

खाद्य तेलों में सबसे ज्यादा बिकने वाले सोया और राइस ब्रान तेल की बात करें तो इसकी कीमत जुलाई में सौ रुपए से कम थी। सोया तेल और राइस ब्रान थोक में 90 रुपए के आस-पास और चिल्हर में 95 से 98 रुपए में बिक रहा था। लेकिन बीते माह त्योहारी सीजन प्रारंभ होने से पहले इसकी कीमत बढ़ाई गई थी। अब एक बार फिर से आयात शुल्क के कारण कीमत में इजाफा किया गया है। इस समय डूमरतराई में सोया तेल में सबसे ज्यादा बिकने वाली कीर्ति गोल्ड जहां पेटी में 1430 में मिल रहा है, वहीं इसको शहर के थोक कारोबारी 1550 रुपए में बेच रहे हैं। यानी यह थोक में 130 रुपए पड़ रहा है। इसको चिल्हर किराना दुकान वाले शहर से ले जाकर चिल्हर में 140 में बेच रहे हैं। पहले चिल्हर में यह 110 रुपए में बिक रहा था।



**रायपुर में रोज एक करोड़ का कारोबार :** डूमरतराई के थोक बाजार में खाद्य तेलों का रोज का 80 लाख से एक करोड़ तक का कारोबार होता है। कारोबारी तीन दिनों से लेकर एक सप्ताह का स्टॉक रखते हैं। आयात शुल्क लगने के बाद कारोबारियों ने अपने पुराने स्टॉक का ही रेट बढ़ा दिया है। जानकारों का कहना है कि कारोबारियों ने पास अगर तीन दिनों का भी स्टॉक होगा तो यह तीन करोड़ के आसपास का ही होगा।

### हरेली तेल की भी बढ़ा दी कीमत

राइसब्रान का हरेली तेल छत्तीसगढ़ में बनता है। जानकारों के मुताबिक इसका आयात शुल्क से दूर-दूर तक कोई लेना-देना नहीं है, लेकिन इसके बाद भी मौके का फायदा उठाते हुए कारोबारियों ने इसकी कीमत में भी थोक में 20 रुपए और चिल्हर में 30 रुपए का इजाफा कर दिया है। डूमरतराई में थोक में यह 1410 रुपए में एक पेटी 12 लीटर का पैक मिल रहा है। इसको शहर के थोक कारोबारी 1560 रुपए में बेच रहे हैं। यानी यह तेल भी थोक में 130 रुपए में मिल रहा है। इसको चिल्हर कारोबारी 140 रुपए में बेच रहे हैं।

## घटना के समय नशे में धुत था आरोपी

# सनकी आशिक ने युवती को मिलने के बहाने बुलाकर गला रेत दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

एकतरफा प्यार में युवती की हत्या करने वाले आरोपी ने नशे में धुत्त होकर युवती को मरीन ड्राइव में बुलाकर हत्या की वारदात को अंजाम दिया है। पुलिस को प्रारंभिक पड़ताल में जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक मृतका, उसकी छोटी बहन तथा हत्या का आरोपी मरीन ड्राइव के पास कहीं किराए के मकान में आसपास रहते थे। तीनों राजनांदगांव के रहने वाले थे, इसलिए उनकी आपस में एक दूसरे के साथ जान पहचान थी।

- मृतका, उसकी बहन तथा आरोपी मरीन ड्राइव के पास किराए के मकान में आसपास रहते थे

पुलिस को जो प्रारंभिक जानकारी मिली है, उसके मुताबिक लोकेश्वर तारक ने युवती को मरीन ड्राइव में मिलने के लिए बुलाया था। लोकेश ने युवती को अकेले आने के लिए कहा था। मृतका की बहन के अनुसार उसकी दीदी मिलने आने से मना कर रही थी, तब लोकेश ने योगिता को जिद कर मिलने आने के लिए विवश किया। मृतका की बहन के अनुसार उसे इस बात पर यकीन ही नहीं था कि उसकी दीदी जिससे मिलने गई थी, वह उसकी हत्या कर देगा।



**इस बात से था नाराज :** पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक लोकेश को योगिता के किसी दूसरे आदमी से बात करना पसंद नहीं था। योगिता मोमोज सेंटर में अपने अन्य सहकर्मियों से बात करती थी। इस बात की जानकारी मिलने पर लोकेश योगिता को अपने सहकर्मियों से बात करने से मना करता था। इस बात को लेकर योगिता ने लोकेश को फटकार भी लगाई थी। साथ ही योगिता ने लोकेश को उसके शादीशुदा होने की बात कह कर उससे दूर रहने की हिदायत दी थी। इसी बात से नाराज होकर लोकेश ने योगिता की हत्या करने का प्लान कर पहले छक कर शराब पी, उसके बाद उसकी मरीन ड्राइव में गला रेतकर हत्या की।

### एक घंटे छकाने के बाद पकड़ा गया

तालाब में कूदने के बाद लोकेश को तालाब से निकालने पुलिस ने पहले अपने स्तर पर प्रयास किया। लोकेश के तालाब से बाहर नहीं निकलने पर पुलिस ने एसडीआरएफ को दो अलग-अलग टीम मौके पर बुलाई। एसडीआरएफ की टीम लोकेश को पकड़ने तालाब में उतरी, तब भी उसने एसडीआरएफ की टीम को काफी देर तक छकाया। पानी में लंबे समय से रहने की वजह से लोकेश बुरी तरह से थक गया, तब एसडीआरएफ की टीम ने उसे पकड़ने में कामयाबी हासिल की।

### युवती पर घर तोड़ने का आरोप लगाती थी पत्नी

पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक लोकेश की पत्नी योगिता पर घर तोड़ने का आरोप लगाकर उसके साथ आए दिन विवाद करती थी। लोकेश की पत्नी तथा योगिता के मोमोज सेंटर में साथ काम करने की बात सामने आ रही है। लोकेश की पत्नी को घटना की जानकारी घटना होने के एक घंटे के बाद मिली। लोकेश की पत्नी से पुलिस पूछताछ कर रही है।

# भाठागांव बस टर्मिनल के पास 1 करोड़ में बनेगा नया फूल बाजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भाठागांव में इंटर स्टेट बस टर्मिनल के पास नगर निगम शहर का नया फूल बाजार बनायेगा। इसके लिए 1 करोड़ का प्रस्ताव बनाकर शासन के पास प्रस्ताव को मंजूरी के लिए भेजा गया है। नए फूल बाजार में फूल विक्रेताओं के लिए 50 नई दुकानें बनाई जायेंगी। निगम प्रशासन ने इसके लिए पहले ही जमीन चिन्हांकित कर रखी है।

- नगर निगम ने शासन के पास मंजूरी के लिए भेजा प्रस्ताव

राजधानी के प्राइम लोकेशन पर स्थित शारदा चौक का पुराना फूल बाजार शहर के विस्तार के साथ अब छोटा पड़ने लगा है। वहीं यातायात के बढ़ते दबाव और पुष्प विक्रेताओं की बड़ी संख्या को ध्यान में रखते हुए नगर निगम अब भाठागांव के नए बस टर्मिनल के पास शहर का दूसरा नया फूल बाजार बनायेगा। नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने दो माह पूर्व इस संबंध में स्थल निरीक्षण कर जोन 6 कमिश्नर रमेश जायसवाल को नए फूल बाजार का प्रस्ताव बनाकर भेजने के निर्देश दिये। चिन्हांकित स्थल पर जोन 6 कमिश्नरी ने 50 दुकानों वाला सिंगल फ्लोर का फूल बाजार बनाने प्रस्ताव बनाया है। इस प्रस्ताव को राज्य शासन के पास स्वीकृति के लिए भेजा गया है। 1 करोड़ की लागत वाले इस नये फूल बाजार के बनने से शहर के फूल चौक में जहां यातायात का दबाव कम होगा, वहीं शहरवासियों को शहर में दूसरा नया फूल बाजार मिलने से सहूलियत होगी।



### दुकानों के संबंध में जिला कलेक्टर लेंगे निर्णय

सूत्रों के मुताबिक भाठागांव में प्रस्तावित नए फूल बाजार में बनने वाली 50 दुकानों के आवंटन के संबंध में जिला कलेक्टर द्वारा गठित समिति निर्णय लेगी। इसकी मानिटरिंग का जिम्मा जोन 6 कमिश्नरी को दिया जायेगा। नए बस स्टैंड के पास नगर निगम की आधा एकड़ जमीन खाली पड़ी है, जिसे नये फूल बाजार के लिए चिन्हांकित कर सुरक्षित रखा गया है।

### स्वीकृति के लिए भेजा है प्रस्ताव

निगम आयुक्त के निर्देश पर भाठागांव क्षेत्र में नया फूल बाजार बनाने 1 करोड़ का प्रस्ताव शासन के पास स्वीकृति के लिए भेजा है। सिंगल फ्लोर वाले पुष्प बाजार में 50 दुकानें रहेंगी।

*- रमेश जायसवाल, कमिश्नर जोन 6, नगर निगम रायपुर*

## ईसाई समाज का परिचय सम्मेलन आज

रायपुर। तेरा साथ सेवा केंद्र द्वारा 17 सितंबर को मसीही समाज के युवक-युवतियों का परिचय सम्मेलन आयोजित किया गया है। परिचय सम्मेलन राजधानी में सुबह 10 बजे मैग्नेटो मॉल में प्रारंभ होगा। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महिला आयोग की सदस्य व महासमुंद नगरपालिका की पूर्व अध्यक्ष अनीता रावटे होंगी। अध्यक्षता समाजसेवी जॉन राजेश पॉल करेंगे। संस्था की संस्थापक व संचालक मैरी सिंह और किरण सिंग ने बताया कि सम्मेलन में अविवाहित युवक-युवतियों के अलावा, विधवा, विधुर तथा तलाकशुदा उम्मीदवार भी शामिल हो सकते हैं। उम्मीदवारों का बायोडाटा भी मंगवाया गया है। इसे डिस्प्ले किया जाएगा।

## पेज 09 के शेष ...

### फ्री में वंदेभारत का...

ट्रेन में सफर करने आमंत्रित किया था, लेकिन सफर करने वाले उससे अधिक पहुंच गए थे। कुछ लोगों ने महासमुंद, तो कई लोगों ने विशाखापट्टनम तक फ्री में वंदे भारत का लुत्फ उठाया। रेलवे ने वृद्धाश्रम के बुजुर्गों को आमंत्रित किया था, जिसमें ज्यादातर महिलाओं ने पहली बार वंदेभारत में सफर किया। पथराव जैसी घटना से ट्रेनों को बचाने के लिए रेलवे ने खास व्यवस्था की थी। आरपीएफ के जवान दूरबीन की मदद से 2 किलोमीटर तक निगरानी करते रहे। इसके अलावा हर कोच में एक जवान मौजूद रहा। पटरियों और फाटक, गांव और पुल में आरपीएफ का दल तैनात था। पथराव की संभावना होने वाली जगह पर ड्रोन की मदद से भी विशेष निगरानी की गई। **तिलक लगाकर यात्रियों का स्वागत :** स्टेशन में ट्रेन के प्रथम यात्रियों और क्रू स्टाफ का भव्य स्वागत किया गया। यात्रियों को तिलक लगाकर ट्रेन सफर के लिए आमत्रित किया गया। स्वागत के अवसर पर आंध्रा समुदाय के सदस्यों की ओर से विभिन्न रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें कथक, कुचीपुड़ी, भरतनाट्यम, बीहू, ग्रुप डांस की प्रस्तुति दी गई। ट्रेन में यात्रियों की सुविधाओं के साथ ही सुरक्षा के सभी इंतजाम किए गए थे। वंदे भारत ट्रेन का दुर्ग से लेकर विशाखापट्टनम तक पूरे रूट के स्टेशनों पर स्वागत किया गया। **एक फाटक से गुजरने में लगे 15 सेकंड :** हाईस्पीड ट्रेन वंदेभारत ने अपनी रफ्तार से सभी को रोमांचित कर दिया। ट्रेन स्टेशन से छूटते ही अपनी निर्धारित 130 की रफ्तार से चलने लगी। इस दौरान ट्रेन 15 सेकंड से भी कम समय में वंदेभारत के 16 कोच गुजर गए और लोग देखते ही रह गए। ट्रेन जहां से भी गुजरी, लोगों की नजर केवल ट्रेन पर ही टिकी रही। तेज रफ्तार के दौरान हरिभूमि ने ट्रेन की स्टेबिलिटी की जांच की। एक गिलास में पूरा पानी भरने के बाद टेबल पर रखा गया, लेकिन पानी की एक भी बूंद बाहर नहीं गिरी। 130 की रफ्तार में जब ट्रेन एक पटरी से दूसरी पटरी पर गई, उस दौरान भी पानी स्थिर रहा। यात्रियों ने ट्रेन में सफर के दौरान कोई झटका महसूस नहीं किया, जो आमतौर पर एक्सप्रेस ट्रेन में होता है। हर कोई ट्रेन की एक झलक पाने स्टेशन, घर व फाटक किनारे ट्रेन का इंतजार करता हुआ नजर आया।

### बच्चों ने...

होने के बाद पहली बार हमें इस ट्रेन में बैठने का मौका मिल रहा है। काफी अच्छा महसूस हो रहा है। बच्चे आधुनिक सुविधाओं के बारे में जानने के लिए उत्सुक नजर आए। वंदेभारत की रफ्तार ने सभी को रोमांचित कर दिया। विभिन्न छोटे स्टेशनों से ट्रेन धूल उड़ाती हुई निकली।

### ट्रेन मैनेजर ने...

गेट लगे हैं। ट्रेन के अंदर स्टेशन का डिस्पले भी है। उसका अनाउंसमेंट होता रहता है, जिससे यात्रियों को पता चलता है कि वह कहां पहुंचे हैं। वंदे भारत ट्रेन सीसीटीवी से लैश है। पुशबैक सीट है। इसके अलावा लगेज रैक और एलईडी लाइट्स से ट्रेन लैस है। इसमें इमरजेंसी के लिए काफी मजबूत और भरोसेमंद मशीन लगाई गई है, जिससे ब्रेक लगते ही ट्रेन रुक जाएगी। इससे पीछे का धक्का भी नहीं पड़ेगा, जिसकी वजह से ट्रेन पलटने की संभावना नहीं के बराबर ही होगी।

### टूर एंड ट्रैवल्स...

बस कंडक्टर को बताया कि उन लोगों ने वारंगल तक का टिकट बनवाया है, तब बस कंडक्टर ने पल्ला झाड़ते हुए कहा कि इसके लिए वे संबंधित ट्रैवल एजेंट तथा टूर कंपनी से संपर्क करें। कंडक्टर ने छात्रों को बताया कि रायपुर से वारंगल के लिए कोई सीधी बस सेवा नहीं है।

### आवंटन के बाद...

में 99.93 अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को शासकीय नर्सिंग कालेज में एडमिशन का मौका दिया गया है। मंगलवार से तमाम नर्सिंग संस्थाओं में विद्यार्थियों के दस्तावेजों की स्कूटनी के साथ एडमिशन की प्रक्रिया शुरू होगी जो 19 सितंबर को शाम पांच बजे तक पूरी की जाएगी। इस दौरान जो सीटें शेष बचती हैं उन्हें अगले दौर की काउंसिलिंग में शामिल किया जाएगा।

### उत्तरी हिस्से में हुई...

बारिश होने की संभावना बनी हुई है। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक सीजन की बारिश के लिए भले ही 16 दिन शेष हों, मगर दक्षिण-पश्चिम मानसून की मौजूदगी प्रदेश में अक्टूबर के दूसरे पखवाड़े तक रहती है।

### एमएमआई कांड में...

और शासन के निर्देश पर बनाई गई कमेटी ने सोमवार को पीड़ित परिवार और दस दिन इलाज तथा भारी बिल बनाने के बाद भी महिला को ठीक नहीं कर पाने वाले एमएमआई हास्पिटल के प्रबंधन से पूछताछ की। तीन घंटे चली लंबी पूछताछ के दौरान अस्पताल से इलाज के संबंध में तमाम दस्तावेज और बिल की जानकारी मांगी गई है, जिनका विस्तृत रूप से अध्ययन किया जाएगा। इस मामले में परिजनों की नाराजगी रेड एंबुलेंस के माध्यम से एयरपोर्ट ले जाने और सुविधा विहीन एयर एंबुलेंस में हैदराबाद भेजने की कोशिश को लेकर है। परिवार के आरोप के आधार पर जांच टीम रेड एंबुलेंस की जांच करेगी जो थाने में खड़ी हुई है। इस मामले में लापरवाही की प्रमुख वजह बनने वाले एयरक्राफ्ट के स्टाफ को भी पूछताछ के लिए बुलाया गया था, मगर कोई उपस्थित नहीं हुआ। इसके लिए एयरक्राफ्ट के स्टाफ ने सिविल एविशन के नियम का हवाला दिया है। जांच टीम अपना पक्ष रखने के लिए नोटिस जारी करने की तैयारी में है।

प्रत्येक झांकी पर 10 पुलिसकर्मियों की तैनाती की जाएगी

# गणेश प्रतिमा विसर्जन में बदमाशों पर 'स्पेशल 30' की टीम नजर रखेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी में दो दिन के बाद गुरुवार को गणेश प्रतिमाओं का महादेव घाट कुंड में विसर्जन किया जाएगा। प्रतिमा विसर्जन में किसी भी प्रकार का व्यवधान रोकने पुलिस ने झांकी के लिए सात एंट्री पाइंट तैयार किए हैं। एंट्री पाइंट में संदिग्धों की जांच की जाएगी। इसके बाद झांकी को शारदा चौक पर एंट्री दी जाएगी। इसके साथ ही पुलिस ने बदमाशों पर निगरानी रखने क्राइम ब्रांच की स्पेशल 30 की टीम तैयार की है।

एएसपी सिटी लखन पटले के मुताबिक हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शारदा चौक से झांकी निकाली जाएगी। पुलिस अफसर के अनुसार इस बार प्रतिमा विसर्जन के लिए 40 के करीब झांकी निकलने की संभावना है। झांकी शारदा चौक से जयस्तंभ, मालवीय रोड होते हुए कोतवाली चौक जाएगी। इसके बाद कोतवाली चौक से सदर बाजार होते हुए कंकाली तालाब से सीधे पुरानी बस्ती फिर लाखेनगर चौक तक जाएगी। पुलिस अफसर के अनुसार जिन रास्तों से झांकी गुजरेगी, उन रास्तों में चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात किए जाएंगे।

### ड्रोन के साथ आईटीएमएस कैमरा से निगरानी

पुलिस अफसर के अनुसार झांकी के दौरान किसी भी तरह की गड़बड़ी पर नजर रखने ड्रोन कैमरा के साथ आईटीएमएस कैमरा की मदद ली जाएगी। इसके लिए ट्रैफिक पुलिस के कंट्रोल रूम में बैठे जवान सभी कैमरों की फूटेज की निगरानी करेंगे। संदिग्धों के दिख जाने पर कंट्रोल रूम को सूचना देंगे। झांकी विसर्जन के दौरान अस्थायी तौर पर कोतवाली थाना को कंट्रोलरूम बनाया जाएगा।



### शुरू कर दी गई है तैयारी

गणेश प्रतिमा विसर्जन के लिए निकलने वाली झांकियों के लिए तैयारी शुरू कर दी गई है। प्रतिमा विसर्जन के दिन सभी राजपत्रित पुलिस अफसरों के साथ सभी थानों के बल के साथ जरूरत के हिसाब से लाइन से पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। जिन रास्तों से झांकी निकलेगी, उन रास्तों में सुरक्षा के तगड़े इंतजाम किए गए हैं।

*- एएसपी सिटी, लखन पटले*

### विसर्जन कुंड स्थल पर गोताखोरों की टीम तैनात

रायपुर। महादेव घाट में गणेश विसर्जन की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस दौरान विसर्जन कुंड एवं महादेव घाट स्थल पर लोगों की सुरक्षा के मद्देनजर गोताखोरों की टीम भी तैनात की गई है। अपर कलेक्टर देवेंद्र पटेल, एसएसपी संतोष सिंह ने सोमवार को यहां सुरक्षा व्यवस्था की तैयारियों का निरीक्षण किया। अपर कलेक्टर और एसएसपी ने निरीक्षण के दौरान नगर निगम अधिकारियों को विसर्जन कुंड के आसपास गोताखोरों को मूर्ति विसर्जन होने तक दिन-रात तैनात रहने के निर्देश दिए हैं। इस दौरान निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने निगम अधिकारियों को नेशनल ग्रीन ट्रिब्युनल के निर्देशानुसार ध्वनि प्रदूषण पर नियंत्रण रखने के निर्देश दिए।


Health Town

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130



भावभीनी श्रद्धांजलि

जन्म 13.12.1935
स्वर्गवास 15.09.2024





स्व. श्री राघव शुक्ला जी

संस्थापक- पंडित हरिशंकर शुक्ला स्मृति महाविद्यालय के परम आदरणीय श्री राघव शुक्ला जी को नम आंखों से शत्-शत् नमन

प्राचार्य, समस्त प्रध्यापकगण एवं समस्त स्टाफ...
• Pt. Harishankar Shukla Smriti Mahavidyalaya
• Pt. Harishankar Shukla English Medium School
College Add.: Kachna Road, Raipur (C.G.)
School Add.: Main Road, Shankar Nagar, Raipur (C.G.)
Mo: 98275-48643, Ph: 0771- 2285244, 2442887, 2972745

Khanna

**खबर संक्षेप**

## रीति ने चक्रधर समारोह में दी कथक की प्रस्तुति



**रायपुर।** रायगढ़ जिला प्रशासन, छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आयोजित 39वें चक्रधर समारोह में गत दिनों गुरु तरुण शर्मा के मार्गदर्शन में रीति लाल ने लखनऊ घराने में कथक नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी है, जिसके गीत छाप तिलक सब छीन ली, तोसे नैना लगाइयके सुप्रसिद्ध अमीर खुसरो द्वारा लिखित है। चक्रधर समारोह राष्ट्रीय स्तर का नृत्य एवं संगीत को समर्पित महाराजा चक्रधर की स्मृति में मनाया जाने वाला प्रतिष्ठित समारोह है। कृष्णा पब्लिक स्कूल डूंडा की कक्षा 8वीं की छात्रा रीति लाल 5 साल की उम्र से कथक की शिक्षा ले रही हैं। वे राजेश लाल की पुत्री हैं।

## आंबेडकर अस्पताल में आज मनेगी विश्वकर्मा जयंती

**रायपुर।** राज्य के सबसे बड़े अस्पताल डॉ. भीमराव आंबेडकर स्मृति चिकित्सालय में विश्वकर्मा जयंती मनाई जाएगी। जयंती के दौरान दक्ष लांड्री कर्मचारियों का सम्मान, विधायक का अभिनंदन भी किया जाएगा।यह जानकारी पंडरी राजातलाब परिक्षेत्र के अध्यक्ष राजू निर्मलकर ने देते हुए बताया कि इस आयोजन में मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक पुरंदर मिश्रा होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अधीक्षक डॉ. बीएस नेताम करेंगे। स्वागत समिति का अध्यक्ष धोबी समाज के प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर को बनाया गया है।

## नेत्र शिविर में 450 लोगों ने कराई जांच



**रायपुर।** ऑल मुस्लिम वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा अंजुमन स्कूल कम्पाउंड सीड्स स्कूल शास्त्री मार्केट में गत दिनों नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 450 लोगों की नेत्र जांच की गई। 150 मरीजों को मोतियाबिंद पाया गया, जिनका निशुल्क ऑपरेशन श्री बालाजी हॉस्पिटल मोवा में किया जाएगा। फाउंडेशन के प्रदेश संरक्षक सैय्यद फैसल रिजवी ने बताया कि हम हर साल हुजूर पाक की आमद की खुशी में रक्तदान शिविर का आयोजन करते हैं इस बार हमने नेत्र जांच शिविर का भी आयोजन किया गया।

# छत्तीसगढ़ में मैनुअल गिरदावरी का ये आखिरी साल, अगले साल से डिजिटल क्रॉप सर्वे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में चालू खरीफ सीजन के दौरान हर साल मैनुअल तरीके से होने वाली गिरदावरी का ये आखिरी साल है। अब तक प्रदेशभर में यह काम लगभग 50 प्रतिशत हो चुका है।

30 सितंबर तक यह काम पूरा कर लिया जाएगा, लेकिन दशकों से चली आ रही इस तरह की गिरदावरी अगले साल से नहीं की जाएगी। इसकी जगह जियो रेफरेंस के माध्यम से डिजिटल क्रॉप सर्वे होगा। राज्य में फिलहाल डिजिटल सर्वे पायलट प्रोजेक्ट के रूप तीन जिलों और अन्य जिलों की एक-एक तहसील में किया जा रहा है।

### क्या होती है गिरदावरी

किसान द्वारा अपने खेत के कितने रकबे में कौन-कौन सी फसल की बुआई की गयी है, यह जानकारी पटवारी द्वारा शासन के डॉक्यूमेंट में दर्ज करवाई जाती है। इसी डॉक्यूमेंट को गिरदावरी कहा जाता है। पटवारी जमीन की डिटेल्स के बारे में जानकारी प्रदान करता है, जिसमें जमीन के मालिकों के नाम और जमीन में उनका हिस्सा शामिल होता है। इससे जमीन की डिटेल्स की पुष्टि हो जाती है। पटवारी जमीन को मापता है और उसकी बाउंड्रीज को वेरिफाई करता है। पटवारी इसलिए ऐसा करता है, ताकि पता लगाया जा सके, जमीन का रिकॉर्ड सही है। पटवारी जमीन पर जो फसले उगाई जाती है, उसके प्रकार, खेती के तहत एरिया और उपज को रिकॉर्ड करता है।



- पटवारी गांव-गांव में हर खेत में जाकर ले रहे हैं फसल का ब्योरा
- धमतरी, महासमुंद, कवर्धा में डिजिटल क्रॉप सर्वे

### अब तक हो चुकी 50 प्रतिशत गिरदावरी

राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के आधिकारिक सूत्रों के अनुसार राज्य में अब तक 50 प्रतिशत काम हो चुका है। इसमें से अधिकतर गिरदावरी पटवारियों द्वारा मैनुअल तरीके से की गई है। बताया गया है कि गिरदावरी का काम पूरा करने के लिए राजस्व विभाग को 30 सितंबर तक का समय दिया गया है। यह अवधि पूरी होने के बाद राजस्व विभाग हर पंचायत में गिरदावरी का प्रकाशन करेंगे। इसके साथ दी गिरादावरी पर 10 दिनों में दावा आपत्ति बुलाई जाएगी। इसका निराकरण होने के बाद अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। इसके बाद भी यदि किसान असहमत हो तो वह तहसीलदार के न्यायालय में आवदेन कर सकते हैं, यदि किसान का दावा सही है, तो फसल के रकबे में सुधार किया जाता है। राज्य में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान खरीदी गिरदावरी में आई फसल की जानकारी के आधार पर ही की जाती है। इस लिहाज से यह किसानों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण काम है।

### तीन जिलों में डिजिटल क्रॉप सर्वे, अगले साल से प्रदेश में

एग्रीस्टेक परियोजना में खरीफ-2024 में डिजिटल फसल सर्वेक्षण के लिए धमतरी, महासमुंद और कबीरधाम जिले का पायलट प्रोजेक्ट के अंतर्गत चयन किया गया है। केंद्रीय कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्रालय द्वारा छत्तीसगढ़ में डिजिटल फसल सर्वे के लिए इन जिलों का चयन किया गया है। इन तीनों जिलों के प्रत्येक गांव में डिजिटल फसल सर्वेक्षण किया जा रहा है।। इसके अलावा राज्य के शेष जिलों में एक-एक तहसील में डिजिटल फसल सर्वे का कार्य चल रहा है। इसकी शुरुआत 9 सितंबर से हुई है जो 30 सितंबर तक चलेगी। अगले साल से पूरे छत्तीसगढ़ में जियो रेफरेंसिंग टेक्नोलॉजी की मदद से डिजिटल क्रॉप सर्वे किया जाएगा।

## रेत उत्खनन पर 10 अक्टूबर तक प्रतिबंध, 11 से खुलेंगी खदानें, मिलेगी राहत

# बंद रेत खदानें खुलते ही घटेगी कीमत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

**हरिभूमि सरोकार**

आसमान छू रही रेत की कीमत से आम लोगों को अगले महीने से राहत मिलने लगेगी। 11 अक्टूबर से रेत की बंद खदानों में उत्खनन का काम पुनः शुरू हो जाएगा। इसके बाद रेत के परिवहन में भी तेजी आने लगेगी, जिससे रेत की कीमत में भी गिरावट आनी शुरू हो जाएगी। खदानें बंद होने के कारण रेत इन दिनों 22 से 30 रुपए फीट की दर से बाजार में बिक रही है, जो खदानों के खुलते ही कम होने लगेगी। इसके बाद लोगों को भी रेत पुरानी कीमत पर मिल पाएगी।

### खदानें बंद के कारण बढ़ी रेत की कालाबाजारी

बारिश सीजन में एनजीटी के निर्देश के तहत रायपुर सहित प्रदेशभर की रेत खदानों में 15 जून से 10 अक्टूबर तक उत्खनन पर प्रतिबंध लगाया गया है। इसके कारण रेत का परिवहन भी थमा हुआ है, जिसके कारण रेत की कालाबाजारी होने लगी है। खदानें बंद होने का फायदा उठाकर रेत माफिया वैध और अवैध रूप से भंडारण की गई रेत की कालाबाजारी करने लगे हैं। यहीं कारण है कि पिछले करीब ढाई महीने से 12 से 13 रुपए फीट की रेत 22 से 30 रुपए फीट की दर से बाजार में बिक रही है। इसमें मीडियम रेत 20-22 रुपए और बारिक रेत 28-30 रुपए फीट की दर से बेची जा रही है।

### एनओसी मिलने पर ही वैध उत्खनन

सीआ द्वारा एनओसी मिलने के बाद ही खदान में ठेकेदार वैध रूप से रेत का उत्खनन करा सकता है। एनओसी के बिना रेत का उत्खनन अवैध कहलाएगा। हालांकि विभागीय अधिकारी ने संभावना जताई है कि प्रतिबंध हटते तक शेष खदानों के ठेकेदारों को भी सीआ से एनओसी मिल मिल जाएगी।



### प्रतिबंध हटते ही मिलेगी राहत

खदानों में रेत उत्खनन पर 10 अक्टूबर तक प्रतिबंध है। 11 तारीख से खदानों में उत्खनन का काम शुरू हो जाएगा। इससे रेत का परिवहन भी सामान्य होगा, जिससे लोगों को आसानी से रेत मिलेगी।

- **केके गोलघाटे**, उप संचालक, खनिज विभाग

### अक्टूबर के दूसरे सप्ताह से कीमत गिरने की संभावना

प्रतिबंध हटते ही रेत खदानों में उत्खनन का काम शुरू होते ही अक्टूबर माह के दूसरे सप्ताह से ही रेत की कीमत में गिरावट आना शुरू हो जाएगी। रेत का उत्खनन व परिवहन जैसे-जैसे बढ़ेगा वैसे-वैसे कीमत तेजी से घटने लगेगी। संभावना जताई जा रही है नवंबर माह तक रेत की कीमत पूर्व की भांति सामान्य हो जाएगी।

### 13 खदान एनओसी 8 को मिला

खनिज विभाग कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार रायपुर जिले में कुल 13 रेत खदानें स्वीकृत हैं, लेकिन 10 अक्टूबर से प्रतिबंध हटने के बाद भी सभी खदानों में वैध रूप से उत्खनन शुरू नहीं हो पाएगा, क्योंकि इनमें से अब तक सिर्फ 8 खदानों को ही स्टेट इन्वायरमेंट इम्पैक्ट एसेसमेंट अथॉरिटी (सीआ) से एनओसी मिल पाई है। गाइड लाइन के अनुसार टेंडर होने के बाद ठेकेदार द्वारा खदान में रेत उत्खनन के लिए सीआ से अनुमति लेना होता है। विभागीय सूत्रों के अनुसार अब तक 8 खदानों को ही यह अनुमति मिल पाई है। शेष 5 खदानों को अनुमति नहीं मिल पाई है।

# गुजराती समाज के अतिथि गृह निर्माण का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



गुजराती समाज रायपुर द्वारा फाफाडीह में सोमवार को सर्वसुविधायुक्त सामाजिक अतिथि गृह के निर्माण का भूमिपूजन समारोह का आयोजन किया गया।

गुजराती महिला मंडल, गुजराती शिक्षण संघ, गुजराती समाज सभी घटक के पदाधिकारी सदस्य की उपस्थिति में पं. हितेश भाई द्वारा मंत्रोच्चार के साथ पूरे विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर अतिथि गृह भवन निर्माण शुभारंभ किया गया। इस मौके पर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि कि गुजराती समाज का इतिहास गौरवशाली रहा है। गुजरात ने राष्ट्रीय स्तर पर धर्म अध्यात्म में अपनी सहभागिता प्रदान करने के लिए अनेक संत महापुरुष तथा प्रख्यात कथावाचक दिए हैं। इस भवन में रिसेप्शन के साथ ऑफिस होंगे तथा दो फ्लोर में 28 कमरे, जिसमें सभी प्रकार की सुविधा दिए जाने का प्रयास किया जाएगा। भवन डोरमेट्री से भी युक्त होगा। भूमिपूजन के अनुष्ठान को गुजराती शिक्षक संघ के अध्यक्ष नारायण भाई पटेल, गुजराती समाज के उपाध्यक्ष जितेंद्र चौहान, सहसचिव हेमंत पंड्या, सदस्य हीरोल बारमेड़ा ने संपन्न किया। कार्यक्रम में प्रकाश भाई बारमेड़ा, सुनीलभाई पंड्या कार्यकारी अध्यक्ष, नारायण पटेल, रामजी पटेल, सर्व गुजराती समाज के प्रदेश अध्यक्ष प्रीतेश गांधी, जितेंद्र दोशी, भारत पटेल, जयंत टांक, हरीश कोटक, जयंती पटेल रायपुर भाजपा जिलाध्यक्ष, अशोक पटेल, हसमुख चावड़ा, सुरेश सरवैया, नितिन ढोलकिया,राजेंद्र फौजदार, अरुण राठौड़, हरि कटारिया, चंद्रकांत देसाई, प्रेरणा भट्ट, चंद्रेश राठौड़, मनोज पारेख, निखिल पांड्या, मीनाक्षी कांचा, सुशीला जोशी, अंजू उपाध्याय, रविंद्र भट्ट, हर्षद पोमल, ललित पिथालिया, रोहित पिथालिया, सभी घटक के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# सेवा स्वच्छता अभियान कार्यक्रम आज, सभापति की अनदेखी

- प्रोटोकॉल की जानकारी के बावजूद आमंत्रित नहीं किया
- बिफरे सभापति, कहा- जिला प्रशासन ने नई परंपरा की शुरुआत की

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी के तेलीबांधा परिसर में 17 सितंबर को स्वच्छता ही सेवा अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसमें नगर निगम सभापति प्रमोद दुबे की अनदेखी की गई है।

कार्यक्रम में आमंत्रित नहीं किये जाने से बिफरे सभापति प्रमोद दुबे ने कहा है जिला प्रशासन को प्रोटोकाल की जानकारी होने के बाद उन्हें आमंत्रित नहीं किया जाना प्रशासन की छोटी सोच दर्शाता है। दरअसल, 17 सितंबर को राजधानी में स्वच्छता ही सेवा अभियान कार्यक्रम का आयोजन जिला प्रशासन द्वारा किया गया है। इसमें पूर्व महापौर एवं निगम सभापति प्रमोद दुबे का आमंत्रण पत्र में नाम ही नहीं है। इस पर कटाक्ष करते हुए श्री दुबे ने कहा है, उन्हें आमंत्रित ना कर नई परंपरा की शुरुआत की गई है। इसके 9 वर्ष पूर्व तक के जितने कार्यक्रम जिला प्रशासन के होते रहे, उनमें सभापति को प्रोटोकॉल के तहत आमंत्रित किया जाता था। प्रमोद दुबे ने कहा, नेता प्रतिपक्ष को भी कार्यक्रम में सम्मिलित करना अच्छी बात है।

# बीएड प्रशिक्षित नवनियुक्त सहायक शिक्षकों ने निकाला कैंडल मार्च, सेवा सुरक्षा के लिए लगाई गुहार

- सड़क दुर्घटना में दिवंगत शिक्षिका हेमा सिंह को दी श्रद्धांजलि
- भरतपुर सोनहत से लेकर बस्तर से कोटा तक के सहायक शिक्षक हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



बस्तर और सरगुजा संभाग में बीएड योग्यताधारी सहायक शिक्षकों की सेवा सुरक्षा को लेकर चल रहे संकट के बीच सहायक शिक्षिका हेमा सिंह की सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई। उनकी स्मृति में सैकड़ों सहायक शिक्षकों ने राजधानी रायपुर के नेताजी सुभाष स्टेडियम से कैंडल मार्च निकाला। इसमें आदिवासी क्षेत्र सरगुजा के भरतपुर सोनहत से लेकर बस्तर के कोंटा तक के सहायक शिक्षक शामिल हुए। 2 सितंबर 2024 को जिला दंतेवाड़ा में माननीय उच्च न्यायालय द्वारा 3 हजार बीएड प्रशिक्षित नवनियुक्त सहायक शिक्षकों की पदमुक्ति के आदेश के संबंध में मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर लौटते समय सहायक शिक्षिका हेमासिंह की सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई। शिक्षिका स्वर्गीय हेमा सिंह को श्रद्धाजलि देने मंगलवार को बीएड प्रशिक्षित सहायक शिक्षकों ने रायपुर में कैंडल मार्च निकाला। यह कैंडल मार्च सुभाष स्टेडियम से मोतीबाग चौक होते हुए पुराना निर्वाचन आयोग कार्यालय के पीछे तक गया। कैंडल मार्च के दौरान शिक्षकों ने अपनी सेवा सुरक्षा के लिए सरकार से गुहार लगाई। दंतेवाड़ा जिले की सहायक शिक्षिका हेमा सिंह के सम्मान में निकाले गये कैंडल मार्च में बड़ी संख्या में शिक्षक शामिल हुए।

**बिजनेस साइट**

## बैंक ऑफ इंडिया का कल से समझौता कार्निवल

बैंक ऑफ इंडिया Bank of India Relationships beyond banking.

**रायपुर।** बैंक ऑफ इंडिया द्वारा 18 से 21 सितंबर तक एक विशेष समझौता कार्निवल का आयोजन किया जाएगा। यह कार्निवल देशभर में सभी शाखाओं, अंचलों और एफजीएमओ में आयोजित किया जाएगा। इसका उद्देश्य उधारकर्ताओं के एनपीए ऋण खातों का निपटान करना है, विशेषकर उन उधारकर्ताओं के लिए, जो किसी व्यक्तिगत या व्यावसायिक कारण से समय पर ऋण चुका नहीं सके हैं। समझौता कार्निवल में छोटे और मध्यम आकार के एनपीए खातों के निपटान के लिए विशेष ओटीएस योजनाएं उपलब्ध होंगी, जिनके तहत उधारकर्ताओं को आकर्षक छूट की सुविधा मिलेगी। बैंक उधारकर्ताओं से अपील करता है कि वे इस अवसर का लाभ उठाकर अपने एनपीए ऋण खातों का निपटान करें और आर्थिक राहत प्राप्त करें।

## एटी ज्वेलर्स ने किया 'गणेश झांकी अवार्ड-2024' का ऐलान

**रायपुर।** अनोपचंद तिलोकचंद ज्वेलर्स और एटी पैलेस 'गणेश झांकी अवार्ड-2024' का आयोजन कर रहा है। इस आयोजन में भाग लेकर अपनी झांकी को गोल्ड, सिल्वर, ब्रॉन्ज ट्रॉफी और नकद पुरस्कार जीतने का मौका पा सकते हैं। जल्दी करें और अनोपचंद तिलोकचंद ज्वेलर्स की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर नामांकन फॉर्म डाउनलोड करें। फॉर्म भरकर वाट्स एप के जरिए भेजें और इस शानदार अवसर का लाभ उठाएं।

## श्री गणेश विनायक आई हॉस्पिटल का ईएससीआरएस में योगदान

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के प्रमुख नेत्र विशेषज्ञ डॉ. चारुदत्त कलमकार और डॉ. अमृता मुखर्जी ने हाल ही में यूरोपियन सोसाइटी ऑफ कैटारैक्ट एंड रिफ्रैक्टिव सर्जन (ईएससीआरएस) के वार्षिक सम्मेलन में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करते हुए महत्वपूर्ण शोधपत्र प्रस्तुत किए। यह सम्मेलन इस वर्ष बार्सिलोना, स्पेन में आयोजित किया गया, जिसमें 150 से अधिक देशों के डॉक्टरों ने भाग लिया। श्री गणेश विनायक आई हॉस्पिटल के निर्देशक और नेत्र विशेषज्ञों द्वारा प्रस्तुत शोधपत्रों में छत्तीसगढ़ में पाई जाने वाली आंखों की बीमारियों जैसे मोतियाबिंद, रिफ्रैक्टिव एरर्स और अन्य प्रमुख आंखों के रोगों पर गहराई से अध्ययन किया गया।



## शिवाया कार्स ने पेश की 9.99 लाख में एमजी विंडसर ई-एसयूवी

**रायपुर।** एमजी मोटर के अधिकृत डीलर शिवाया कार्स ने अपनी नई विंडसर इलेक्ट्रिक एसयूवी की लॉन्चिंग की घोषणा की है, जिसकी शुरुआती कीमत 9.99 लाख रुपए रखी गई है। यह ई-एसयूवी इस कीमत में उपलब्ध है, जबकि बैटरी को एक सेवा के रूप में अलग से लिया जा सकता है, जिसकी लागत 3.5 रुपए प्रति किलोमीटर होगी।

एमजी विंडसर 4.29 मीटर लंबी एक क्रॉसओवर एसयूवी है, जो अपने सेगमेंट में एक नया मानक स्थापित करने की क्षमता रखती है। इसके साथ कंपनी ने एक साल तक मुफ्त सार्वजनिक चार्जिंग की सुविधा और लाइफटाइम बैटरी वारंटी की पेशकश की है, जिससे ग्राहक बैटरी की जीवनकाल को लेकर चिंतित नहीं होंगे। शिवाया कार्स के मैनेजिंग डायरेक्टर मोहित मध्यानी ने कहा कि इस आकर्षक कीमत और बायबैक योजना के साथ, हम इलेक्ट्रिक वाहन बाजार में एक नई दिशा प्रदान करेंगे।




## कलिंगा विश्वविद्यालय में मेगा हेल्थ चेकअप

**रायपुर।** कलिंगा विश्वविद्यालय में मेगा हेल्थ चेकअप कार्यक्रम में डॉ. विनोद सिंह और डॉ. जिनेश जैन ने स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। डॉ. विनोद सिंह ने पेट की बीमारियों की बढ़ती समस्या पर ध्यान दिलाते हुए कहा कि आजकल की जीवनशैली में बदलाव के कारण पेट की बीमारियां बढ़ रही हैं। हमें अपने खानपान पर ध्यान देना चाहिए, जिसमें फल, सब्जियां और साबुत अनाज शामिल हों और जंक फूड से बचना चाहिए। नियमित व्यायाम और तनाव से बचने से पेट रोगों से बचा जा सकता है। डॉ. जिनेश जैन ने नई पीढ़ी में हार्ट अटैक के मामलों में वृद्धि की ओर इशारा करते हुए कहा कि अनियमित जीवनशैली और तनाव हार्ट अटैक के प्रमुख कारण हैं।



दिल की सेहत का ध्यान रखना अत्यंत महत्वपूर्ण है। आहार में वसा और कोलेस्ट्रॉल की मात्रा कम रखनी चाहिए और नियमित व्यायाम करना चाहिए।

## कोलंबिया इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी और एपीटीआई ने आयोजित किया व्याख्यान



**रायपुर।** कोलंबिया इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी ने एसोसिएशन ऑफ फार्मास्युटिकल टीचर्स ऑफ इंडिया (एपीटीआई) छत्तीसगढ़ राज्य शाखा के सहयोग से 'ड्रग डिलीवरी सिस्टम डिजाइन करने के लिए अनुसंधान समस्या की पहचान और चयन पैरामीटर्स' विषय पर एक व्याख्यान का आयोजन किया। इस व्याख्यान को रूंगटा कॉलेज ऑफ फार्मास्युटिकल साइंसेज एंड रिसर्च, रायपुर की प्रिंसिपल डॉ. चंचलदीप कौर ने संबोधित किया। कार्यक्रम में एम. फार्म और बी. फार्म के फाइनल वर्ष के छात्रों ने अपने प्रोजेक्ट्स से संबंधित प्रश्नों पर चर्चा की।

# कैट ने ई-कॉमर्स कंपनियों के साथ बैंकों की मिलीभगत का आरोप लगाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- रिजर्व बैंक गवर्नर शक्तिकांत दास को भेजा पत्र, चिंता से कराया अवगत

कंफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स ने ई कामर्स कंपनियों के साथ बैंकी की मिलीभगत का आरोप लगाया है। इस पर गहरी चिंता जताते हुए कैट के पदाधिकारियों ने भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास को एक चिट्ठी भी लिखी है। इसमें कहा गया है कि यह मिलीभगत पारंपरिक खुदरा व्यापारियों के लिए असमान प्रतिस्पर्धा का माहौल बना रही है।

कैट के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन ने संयुक्त रूप से बताया कि सोमवार को भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास को भेजे गए एक महत्वपूर्ण पत्र में, कैट ने अमेज़न और फ्लिपकार्ट जैसी ई-कॉमर्स कंपनियों के साथ बैंकों की मिलीभगत पर गहरी चिंता व्यक्त की। यह मिलीभगत पारंपरिक खुदरा व्यापारियों के लिए ठीक नहीं है। अमर पारवानी ने बताया कि कैट ने आरबीआई गवर्नर को भेजे पत्र में बैंकों, ई-कॉमर्स कंपनियों और ब्रांड मालिकों के बीच अनैतिक सांठगांठ का आरोप लगाया है, जिससे खुदरा व्यापार बुरी तरह विकृत हो रहा है। इस मिलीभगत से देश के पारंपरिक खुदरा व्यापारियों को भारी नुकसान हुआ है। कैट के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष ने कहा कि यह चौंकाने वाला है कि करीबन 1.5 लाख मोबाइल खुदरा व्यापारी इन अनुचित प्रथाओं के कारण संघर्ष कर रहे हैं, जिनमें से 50 हजार से अधिक छोटे व्यापार पहले ही बंद हो चुके हैं। कई छोटे व्यापारी ग्रे मार्केट स्टॉक्स पर निर्भर हो गए हैं क्योंकि ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म और समर्थित एग्रीगेटरों के बीच की सांठगांठ से घरेलू अर्थव्यवस्था को गंभीर नुकसान हो रहा है।

## सिंधी काउंसिल महिला विंग ने की पूजा-अर्चना



**रायपुर।** सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया छत्तीसगढ़ इकाई महिला विंग द्वारा गणेश उत्सव पर पूजा-अर्चना कर भजन संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें माता एवं श्याम बाबा के भजन गाकर सबका मन मोह लिया। इस अवसर पर सिंधी काउंसिल के प्रदेश अध्यक्ष ललित जैसिंघ, महिला विंग अध्यक्ष राशि बलवानी, सोनिया निंज्यानी, जूही दरयानी, लक्ष्मी चंचलानी, कशिश खेमानी, आशा सचदेव, श्वेता सिंधवानी, मानसी कुकरेजा, दीपिका जेठवानी, रिया जयसिंघानी, हेमा जेठानी उपस्थित रहीं।






# हरिभूमि लाइव

रायपुर, मंगलवार 17 सितंबर 2024

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937




02 लफड़ा करके दिखाव... मराठी नाटक...


## गणेशोत्सव 2024



नवयुवक गणेशोत्सव समिति, भगत सिंह चौक



श्रीजी कल्पतरु हाउसिंग सोसायटी अमलीडीह



श्री श्री कंकाली परिवार गणेशोत्सव समिति, कंकालीपारा



श्री सिद्धि विनायक गणेश मंदिर समिति, रायपुरा



नवयुवक गणेशोत्सव समिति आजाद चौक, टेकारी



श्री विद्यार्थी गणेशोत्सव समिति मंडल पारा, कचना



श्री जी कचनार, अमलीडीह



मां शारदा गणेशोत्सव समिति, कुशालपुर



राठौड़ चौक, रायपुर



गणेशोत्सव समिति, कर्मा चौक, न्यू चंगोराभाठा




जय माता दी गणेशोत्सव समिति, रिंग रोड, मठपुरैना



श्री श्री बाल गौरी गणेशोत्सव समिति, प्रगति विहार, कॉलोनी



ओम बाल हनुमान गणेशोत्सव समिति, विनोबा भावे नगर



श्री हिंदू परिवार गणेशोत्सव समिति



अश्वनी नगर गणेशोत्सव समिति



श्री श्री गणेश एवं दुर्गा पूजा उत्सव समिति इन्द्रप्रस्थ कालोनी फेस-2, रायपुरा

### थीम आधारित चलित झांकियां रहेंगी आकर्षण का केंद्र

# राजनांदगांव की झांकियों से झिलमिलाएगी राजधानी की रात, कतार में होंगी '90'

शहर में इन दिनों गणेशोत्सव की धूम मची हुई है। जैसे-जैसे विसर्जन के लिए तय तिथि नजदीक आ रही है, लोगों की भीड़ पंडालों में बढ़ने लगी है। दूसरी तरफ जगह के अभाव में सिर्फ मूर्ति स्थापना और स्थल सज्जा करने वाली समितियों ने इस बार भी राजनांदगांव व दुर्ग से चलित झांकी लाने की तैयारी शुरू की है। झांकी को अव्वल स्थान दिलाने के उद्देश्य से समिति सदस्य थीम साझा करने से बच रहे हैं।

**रायपुर**। इस बार भी 90 से ज्यादा बड़ी झांकियां आकर्षण का केंद्र होंगी। इसकी कीमत चुकाने और किराए पर लाने के लिए समितियों ने झांकियों का निर्माण करने वाले मूर्तिकारों से संपर्क करना शुरू कर दिया है। ट्रैफिक जाम और जगह की कमी के चलते बड़ी झांकियों का निर्माण कराने का चलन अब खत्म हो गया है। अब किराए की झांकी लाने के बाद उसे समिति में शामिल किया जाने लगा है। इससे लोगों का खर्च ही नहीं, समय भी बच रहा है। यह व्यवस्था अब बड़ा रूप लेने लगी है।



### 18 सितंबर की रात तक पहुंचेगी रायपुर

गणेशोत्सव समिति बंजारी चौक के प्रतीक साहू ने बताया कि राजनांदगांव से अभी भी किराए पर लोग झांकी लाते हैं, लेकिन इस बार किराए से लेने की जगह दो जीप की झांकी राजनांदगांव के मूर्तिकार से ही बनवाई गई है। झांकी को 18 सितंबर की रात तक रायपुर लाया जाएगा। इसके बाद उसमें जरूरी काम करवाने के बाद राजधानी में निकलने वाली विसर्जन झांकी का हिस्सा बनाया जाएगा। किराए पर झांकी लेने में हर साल दिक्कत आ रही थी। इसे देखते हुए इस बार खुद झांकी का निर्माण कराया है। इसे स्थापित की गई मूर्ति के साथ शामिल करेंगे।

**राजधानी में 19 सितंबर को निकलेगी झांकी, समितियों ने शुरू की तैयारी**

### राठौर चौक क्षेत्र से निकलेंगी 8 झांकियां

नवनिर्माण गणेश उत्सव समिति राठौर चौक के यश ने बताया, समय के साथ झांकियों का चलन शहर में कम हो गया है। अब लगभग सभी समिति के लोग राजनांदगांव और दुर्ग से किराए पर झांकी मंगाते हैं। इसकी कीमत 2 लाख से 5 लाख तक होती है। इसमें एक जीप से लेकर तीन-चार जीप झांकी को तवज्जो दी जाती है। अकेले राठौर चौक क्षेत्र से ही आठ समितियां विसर्जन में मूर्ति के साथ चलित झांकी शामिल करती हैं। इस बार भी लोगों ने किराए की चलित झांकी के लिए आर्डर देने शुरू कर दिए हैं। विसर्जन से पहले थीम को समिति के लोग गोपनीय ही रखते हैं।

### कई समितियां मिलकर चुकाएंगी किराया

हर साल की तरह इस बार भी नवरतन युवा मंडल नयापारा द्वारा राजनांदगांव से चलित झांकी लाई जाएगी। गणेश उत्सव के आयोजक आकाश गुप्ता ने बताया कि शहर में जितनी भी झांकियां विसर्जन यात्रा में शामिल होती हैं, उनको किराए पर लाने की परंपरा बहुत पुरानी है। अब तो अव्वल बनने का अवसर भी मिलना बंद हो गया है। इस बार नयापारा क्षेत्र की कई समितियों ने मिलकर झांकी किराए पर लेने का मन बनाया है। इसके चलते अभी तक आर्डर करने की प्रक्रिया नहीं हो पाई है। जगह और समय का अभाव होने से झांकियों को बनाने पर होने वाले खर्च से बचने के लिए किराए से लेते हैं।

### घरों में विराजित गणपति



युवा गणेश उत्सव समिति उफरा झीट



आयु रावत, शंकर नगर



शिवम सिन्हा, माना बस्ती



होम्योपैथिक मेडिकल कालेज एवं अस्पताल, रामकुंड



तनुश्री साहू, बोरियाखुर्द



भव्यांश रात्रे, पंडरी



समीधा सिंह परिहार, अवनि ग्रीन दलदल सिवनी



गगन यादव विधानसभा बरौदा धरसींवा





शुक्रवार से जारी गणपति बप्पा की विदाई का सिलसिला मंगलवार को थमेगा। इसके पहले सोमवार को भी बड़ी संख्या में भक्तगण प्रतिमा को विसर्जन के लिए पहुंचे। शहर के ज्यादातर पंडालों में दोपहर से शाम तक हवन-पूजन का क्रम चला। घर में विराजे गणेशजी का अंतिम दिन सुबह विधि-विधान से पूजन किया गया।

# वैदिक मंत्रोच्चार की गूंज, निगम ने सभी जोन में बनाए कुंड

**रायपुर**। भक्तों ने मत्था टेककर आशीष प्राप्त किया, लेकिन जब विदाई की बेला आई तो हर किसी की आंखें नम हो गईं। महादेव घाट में भक्तों ने 'गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ' के उद्घोष के बीच विघ्न विनाशक की प्रतिमा को गाड़ी में रखा और ढोल-नंगाड़े की धुन पर थिरकते हुए महादेवघाट पहुंचे, जहां विसर्जन कुंड में प्रतिमा को बीच धारा में ले जाकर विसर्जित किया गया। इस दौरान वहां मौजूद छोटे बच्चे अपने आंसू नहीं रोक सके। महादेवघाट पर दिनभर लोग कृत्रिम कुंड व घाट में प्रतिमा विसर्जन करने पहुंचते रहे। विभिन्न समितियों के सदस्य बप्पा की मूर्तियों को गाजे-बाजे के साथ विसर्जन स्थल तक ले गए। रास्ते में श्रद्धालुओं में खूब गुलाल उड़ाया और पटाखे भी फोड़े। विसर्जन से पहले पूजन कर लड्डू, मोदक का भोग लगाकर आरती की गई।





### बड़ी मूर्तियों का विसर्जन आज

दिनभर पंडालों और घरों में हवन के दौरान वैदिक मंत्रोच्चार की गूंज सुनाई देती रही। ज्यादातर श्रद्धालु दोपहर हवन के बाद सूर्य ढलने से पहले प्रतिमा को विसर्जन करने घाट व तालाब पहुंचे। हवन और विसर्जन के दौरान भक्तों ने भगवान से अगले वर्ष जल्दी आने का अनुरोध किया। निगम द्वारा सभी जोन में भगवान गणेश की छोटी प्रतिमा विसर्जन करने के लिए कुंड बनाए गए हैं। घरों व कॉलोनी में विराजे गणपतिजी की छोटी प्रतिमा को कुंड में विधिवत विसर्जित किया। अनंत चतुर्दशी पर आज बड़ी मूर्तियों का विसर्जन किया जाएगा।

## कैंपस लाइव

# आयुष विवि अपने सेंटर में देगा एनेस्थीसिया की ट्रेनिंग



रायपुर। मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने भारत के परम्परागत चिकित्सा पद्धति के जनक श्री महर्षि चरक एवं महर्षि सुश्रुत के योगदान को रेखांकित करते हुए कहा कि दूरस्थ अंचल में विशेषज्ञों की कमी को ध्यान में रखते हुए विवि को रायपुर स्थित शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय के एनेस्थीसिया एवं प्रसुति विभाग के साथ समन्वय स्थापित करना चाहिए। इसके लिए विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग सेंटर में 6 माह के प्रशिक्षण की व्यवस्था शुरू करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसे पैथोलाजी लैब जो कानूनन लाइसेंस नहीं हैं, उन्हें नियमानुसार ट्रेनिंग दिलाकर पैरामेडिकल बोर्ड से रजिस्ट्रेशन कराने के लिए विश्वविद्यालय को समन्वय स्थापित करना चाहिए। इससे ज्यादा से ज्यादा लोगों को फायदा मिलेगा और निजी पैथोलाजी लैब का नियमितिकरण किया जा सकेगा।

### मेडिकल क्षेत्र में किए जाएंगे नए शोध

सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने विश्वविद्यालय में प्रशिक्षण, पैरामेडिकल की स्नातक उपाधि पाठ्यक्रम को लेकर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने विभिन्न विषयों पर अल्पकालीन पाठ्यक्रम जैसे सीटी स्कैन, एमआरआई, कैथलैब इत्यादि प्रारंभ करने के लिए विश्वविद्यालय में उचित व्यवस्था करने पर जोर दिया। स्थापना दिवस समारोह पर आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ.पीके पात्रा ने स्वागत उद्बोधन देते हुए अब तक की विकास यात्रा को सारगर्भित तरीके से प्रस्तुत किया। साथ ही भविष्य की योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए शोध के महत्व पर चर्चा की।

## सिटी लाइव

# दर्द केवल शारीरिक लक्षण नहीं इससे उजागर होते हैं सभी पहलु



रायपुर। पेन अवेयरनेस मंथ के अवसर पर संजीवनी कैंसर अस्पताल में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वरिष्ठ कैंसर सर्जन डॉ. यूसुफ मेमन ने किया। डॉ. मेमन ने कैंसर मरीजों के दर्द की गंभीरता पर चर्चा की और दर्द प्रबंधन और पैलियेटिव केयर के महत्व के बारे में चर्चा की। डॉ. अविनाश तिवारी ने बताया कि विशेषज्ञ दर्द को केवल शारीरिक लक्षण के रूप में नहीं देखते, बल्कि इसे एक पूर्ण अनुभव मानते हैं जो व्यक्ति के शारीरिक, मनोवैज्ञानिक और अस्तित्वगत पहलुओं को प्रभावित करता है।

### जीवन गुणवत्ता के लिए महत्वपूर्ण दर्द प्रबंधन

वरिष्ठ पेन फिजिशियन डॉ. हितेन मिस्त्री ने दीर्घकालिक पेन मैनेजमेंट के लिए उपयोग की जाने वाली नवीनतम तकनीक के बारे में बताया। डॉ. राहुल गोयल ने समझाया कि प्रभावी पेन मैनेजमेंट न केवल जीवन की गुणवत्ता के लिए बल्कि कैंसर उपचार की प्रभावशीलता के लिए भी महत्वपूर्ण है। विशेषज्ञ डॉ. नलनेश शर्मा ने दीर्घकालिक पेन मैनेजमेंट में पुनर्वासात्मक विधियों के बारे में बताया। डॉ. योशिता ने ऑपरेशन के बाद पेन मैनेजमेंट और इसके सर्जिकल परिणामों के महत्व पर चर्चा की।

## लाइव इवेंट

# तकनीक का प्रयोग कर जीते छात्र राष्ट्रीय स्पर्धा में करेंगे प्रतिनिधित्व



रायपुर। सरोना स्थित कृष्णा पब्लिक स्कूल में चल रहे सीबीएसई जोनल स्केटिंग प्रतियोगिता का समापन सोमवार को हुआ। स्पर्धा में असम, अरूणाचल प्रदेश, मेघालय, ओडिशा, सिक्किम, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़ सहित अन्य 12 राज्यों के 1157 प्रतिभागी मौजूद रहे। प्रतियोगिता को दो भागों में विभाजित किया गया, जिमसें क्वाड व्हील बेस एवं इनलाइन व्हील बेस शामिल रहा। अंतिम दिन विद्यालय की प्राचार्य अर्चना मिश्रा, छत्तीसगढ़ रोलर स्केटिंग के प्रदेशाध्यक्ष एमडी रेड्डी, दुर्ग जिला एसपी जितेन्द्र शुक्ला मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### हौसला बढ़ाते रहे अभिभावक

रेस के पहले दिन से ही प्रतिभागियों में उत्साह देखने को मिला, जहां स्पर्धा के शुरुआत से टेक्निक के साथ खिलाड़ी आगे बढ़ते नजर आए। रेस के अंत में खिलाड़ियों को धीमा होता देख कोच व माता-पिता परिसर में प्रोत्साहित करते नजर आए। विभिन्न वर्ग में विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गयसा। अंडर -9 में प्रथम आहान गरई रहे। अंडर-11 में प्रथम आरव जायसवाल, अंडर-14 में श्रेयस पुरस्टी, अंडर-17 में रिद्धीमान बेनजी और अंडर-19 में प्रथम बरेण्य रंजन आचार्य और मोहम्मद आहिल रहे।

## पारंपरिक गीतों पर पेश किए गए नृत्य, मां संग बच्चे भी बने हिस्सा

# लफड़ा करके दिखाव... मराठी नाटक के हिंदी अनुवाद ने हंसाया, हास्य पंक्तियों और चुटकुलों के जरिए संवाद

'भानगड पहावी लपवून' नामक मराठी नाटक के हिंदी अनुवाद 'लफड़ा करके दिखाव' है का मंचन जब शहर में हुआ तो लोग खुद को हंसने से रोक नहीं सके। मौका था महाराष्ट्र मंडल द्वारा गणेश उत्सव के अंतर्गत आयोजित स्पर्धाओं का। हास्य से भरपुर इस नाटक में 5-6 किरदार नजर आए। 50 मिनट के नाटक में कई हास्य पंक्तियों व चुटकुलों को शामिल किया गया।









रायपुर। नाटक में व्यक्ति द्वारा अपनी छोटी समस्या को छुपाने का प्रयास किया गया, लेकिन समस्या का समाधान करने से पहले वह लोगों के समक्ष आ गई। इस दौरान कई हास्य परिस्थितियां निर्मित हुई। नाटक के अलावा अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी हुईं। इसमें 50 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इस दौरान बच्चों से लेकर महिलाएं व बुजुर्ग भी मौजूद रहे। संध्या आरती पश्चात कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सप्ताहभर से अधिक समय तक चले आयोजनों के बाद मंगलवार सुबह से महाराष्ट्र मंडल के सभागार में पूजन-अर्चना प्रारंभ होगा। इमसें हवन व प्रसाद वितरण शामिल है।

### दर्शक भी मिलाते रहे ताल से ताल

गणेश चतुर्थी के खास अवसर पर नन्हे कलाकारों द्वारा भी प्रस्तुति दी गई। अपने पापा ने गनपति हमाल... इस मराठी गाने पर नन्हीं प्रतिभागी ने मनमोहक प्रस्तुति दी। इस दौरान दर्शक भी बच्ची के साथ ताल से ताल मिलाते नजर आए। मराठी परिधान में नृत्य करती प्रतिभागी ने गणेश चतुर्थी आधारित विभिन्न मराठी गाने पर प्रस्तुति दी। जहां दर्शक प्रस्तुति को कैमरे में कैद करते नजर आए।





**मां-बेटी की जोड़ी ने जमाया रंगः** सांस्कृतिक कार्यक्रम में महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। जिमसें अनोखी जोड़ियों द्वारा नृत्य की प्रस्तुति दी गई। इसमें भाई-बहन, मां-बेटी, गुरु-शिष्य की जोड़ी शामिल रही। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों संग दर्शकगण भी श्री गणेश के भजनों में झूमते-गाते नजर आए। महिला समूहों द्वारा इन भजनों की प्रस्तुति दी गई।



### पति-पत्नी की जोड़ी में मचाई धूम

एक मैं और एक तू.., दोनों मिले इस तरह... जैसे सदाबहार गानों पर कपल्स की शानदार प्रस्तुति देखने को मिली। यह प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र रहा, जिसमें दर्शक भी अपने स्थानों पर झूमते नजर आए। 3-4 मिनट की प्रस्तुति के दौरान लगातार तालियों की गूंज सभागार में सुनने को मिली। कृष्ण लीला पर आधिरत कथक प्रस्तुति गुरु-शिष्य के समूह ने दी। शिष्यों संग गुरु को नृत्य करते हुए देखना रोचक रहा। कृष्ण लीला पर आधारित नृत्य का मंचन 8 मिनट तक किया गया।

# ईद मिलादुन्नबी पर जुलूस की परचम कुशाई

## मोहम्मद साहब की शान में पढ़े गए नज्म





रायपुर। ईद मिलादुन्नबी के मौके पर शहर सीरतुन्नबी कमेटी द्वारा जुलूस निकाला गया। जूलुस की शुरुआत सुबह 7:30 बजे से हुई। जो महबूबिया चौक बैजनाथ पारा, मालवीय रोड, जयस्तंभ चौक, शारदा चौक, आजाद चौक, सदर बाजार, मालवीय रोड, सिटी कोतवाली से होते हुए सीरत मैदान बैजनाथपारा पहुंचा। जहां हजरत अल्लामा मोहम्मद अबुल हसन, सैय्यद अशरफ, किछौछा शरीफ, काजी-ए-शहर हजरत मौलाना मोहम्मद अली फारूकी ने संयुक्त रूप से परचम कुशाई की। आयोजन की तैयारी बीते 1 माह से की जा रही थी। जूलुस में सुबह से युवा संग बुजुर्ग और बच्चे भी नजर आए। इसके अतिरिक्त शहर के अन्य स्थानों में भी शानदार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। सीरतुन्नबी कमेटी द्वारा निकाले गए जुलूस में मुख्य रूप से महापौर एजाज ढेबर, कमेटी के मो. सोहेल सेठी, इरफान जीलानी, हाजी शेख नाजिमुद्दीन, हाजी शफीक अहमद फुग्गा भाई, हाजी बदरूद्दीन खोखर, मोईनुद्दीन, डॉ. मुजाहिद अली फारूकी, इकबाल शरीफ, मौलाना एहतेशाम अली फारूकी, इरफान गुड्डू, हाजी जावेद रजा, डॉ. सै अतीकुर रहमान, रमीज अशरफ, डॉ. अबरार आलम, नदीम मेमन शामिल हुए।

### फलों का वितरण

सामाजिक कार्य भी इस पाक मौके पर किए गए। दावते इस्लामी के वेलफेयर डिपार्टमेंट जीएनआरएफ ने पैगंबर इस्लाम के जन्मदिवस के मौके पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया। बीमार और जरूरतमंद लोगों में फलों का वितरण किया गया। शहर स्थित मेकाहारा और बंजारी दरगाह में यह वितरण कार्य किया गया। जीएनआरएफ से कासिम अत्तारी, अफजल मेमन, अख्तर अली, गालिब अली, आसिफ मेमन, मोहम्मद असलम मौजूद रहे।

# विवि में जुटेंगे राज्यभर से श्रमिक मेधावी 'नोनी-बाबू' को स्कॉलरशिप

## विश्वकर्मा जयंती आज

रायपुर। विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर श्रमिक सम्मेलन में 57 हजार से अधिक पंजीकृत श्रमिकों एवं उनके परिवार के सदस्यों को 49 करोड़ 43 लाख 52 हजार 294 रूपए केन्द्रीकृत डी.बी.टी. के माध्यम से वितरित किया जाएगा। यह कार्यक्रम इंदिरा गांधी कृषि विवि जोरा के कृषि मंडप में आयोजित होगा। श्रम विभाग के अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश के पंजीकृत श्रमिकों एवं उनके परिवार के सदस्यों को 47 हजार मिलेंगे। 726 निर्माण श्रमिकों को 38 करोड़ 37 लाख 10 हजार 652 रूपए प्रदान किए जाएंगे। छत्तीसगढ़ असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल के अंतर्गत 6, 873 श्रमिकों को 9 करोड़ 86 लाख 58 हजार रूपए दिए जाएंगे। इसी तरह से छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण मंडल के अंतर्गत 2 हजार 496 श्रमिकों को 1 करोड़ 19 लाख 83 हजार रूपए की राशि डीबीटी के जरिए वितरित की जाएगी। इस तरह 57 हजार 95 श्रमिकों को 49 करोड़ 43 लाख 5 हजार रूपये का वितरण किया जाएगा।

**राज्य स्तरीय श्रमिक सम्मेलन का होगा आयोजन**

### नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना का भी मिलेगा लाभ

मिनीमाता महतारी जतन योजना के अंतर्गत 5 हजार 793 लाभार्थियों को 11 करोड़ 58 लाख 60 हजार रूपए दिए जाएंगे। सायकल सहायता योजना के अंतर्गत 8 हजार 181 लाभार्थियों को 3 करोड़ 3 लाख रूपए, श्रमिक औजार सहायता योजना के अंतर्गत 6,171 लाभार्थियों को 2 करोड़ 15 लाख, सिलाई मशीन सहायता योजना के अंतर्गत 125 लाभार्थियों को 9 लाख 79 हजार दिए जाएंगे। मुख्यमंत्री नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत 9749 लाभार्थियों को 1 करोड़ 84 लाख 87 हजार रूपए तथा मुख्यमंत्री नोनी बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना के अंतर्गत 576 लाभार्थियों को 73 लाख 67 हजार 612 रूपए प्रदान किए जाएंगे।

## चातुर्मास के अवसर पर दादाबाड़ी में 4 अक्टूबर से शुरू होगा उदयन तप

# दादाबाड़ी में आम व्यक्ति 50 दिनों तक बिताएंगे साधु जीवन मोबाइल से लेकर लाइट-पंखे जैसी सुविधाओं का करेंगे त्याग

**कार्नर न्यूज**

रायपुर। जैन समाज तप-त्याग और तपस्या के लिए जाना जाता है। चातुर्मास प्रवचन के जरिए भी जैन मुनि लोगों को जीवन में त्याग की परिभाषा बता रहे हैं। बीते दिनों शहर में दो अगल-अलग जगहों पर सिद्धि तप हुआ था, जिसमें 150 से अधिक आम व्यक्तियों ने हिस्सा लेते हुए तपस्या की थी। अब एक बार फिर से 4 अक्टूबर को एमजी रोड स्थित जैन दादाबाड़ी में उदयन तप शुरू होने जा रहा है। इस तप की खास बात यह है कि इसमें देशभर से लोग शामिल होंगे, जो 50 दिनों तका साधु का जीवन जीएंगे। इस दौरान मोबाइल, लाइट, पंखे सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं का पूरी तरह से त्याग करेंगे।



### विनय और विवेक के अभाव में विद्या वरदान नहीं अभिशाप

मुनि सुधाकर के सान्निध्य में टैगोर नगर स्थित लाल गंगा पटवा भवन में वास्तु आहार और जीवन की भूमिका पर विशेष प्रवचन एवं अनुष्ठान का भव्य आयोजन किया गया। 300 से अधिक विद्यार्थियों के साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालु इसमें शामिल हुए। मुनि सुधाकर कुमार ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा, विद्यार्थी को अपने जीवन में विद्या के साथ-साथ विनय और विवेक का भी विकास करना चाहिए। अन्यथा विद्या वरदान न बनकर, अभिशाप बन जाएगी। आज विद्या के प्रति सबका आकर्षण तो है, लेकिन उसमें विनय और विवेक का जो अभाव बढ़ रहा है, वह अत्यंत चिंतनीय है।

### अभिमान का नशा शराब से भी भयावह

आज विद्या अभिमान का कारण बनती जा रही है। अभिमान का नशा शराब से भी भयावह नशा है। जिस प्रकार शराब के नशे में मनुष्य की चेतना लुप्त हो जाती है, उसी प्रकार अभिमान भी सत्य को अपने आवरण से ढक लेता है। इस प्रकार अभिमानी व्यक्ति का आत्मिक विकास अवरूद्ध हो उठता है। बाहुबली घोर तपस्वी और महान योगी थे, लेकिन अभिमान के कारण कुछ समय के लिए उनका ज्ञान भी अवरुद्ध हो गया था। स्वाभिमान का विचार अच्छे भविष्य का सूचक है। स्मृति विकास के लिए अनुष्ठान एवं प्रयोग कराए गए। इसके साथ वास्तु के नियम भी विस्तार में बताए गए। मुनिश्री नरेश कुमार ने सुमधुर गीतिका का संगान किया।

### 120 लोगों ने कराया पंजीयन

दादाबाड़ी में रहने की व्यवस्था रहेगी। इस विशेष तप के लिए अभी तक 120 से अधिक लोगों ने पंजीयन करवा लिया है। छत्तीसगढ़ के साथ-साथ विभिन्न राज्यों से बच्चे, बुजुर्ग, महिला सभी वर्ग के लोग भाग लेंगे। चातुर्मास समिति के महासचिव नरेश बुरड़ ने बताया कि 50 दिनों में आम व्यक्ति वही जीवन जीएंगे, जो जैन मुनी रोजाना जीते हैं। तड़के 4 बजे सुबह होगी। 36 घंटे का उपवास होगा, जिसमें एक समय भोजन करना होगा। विनय कुशल मुनि लोगों को जीवन के त्याग का महत्व समझाएंगे।

### युवाओं ने दिखाई दिलचस्पी

विशेष तप में हिस्सा लेने बच्चों के साथ युवाओं ने भी दिलचस्पी दिखाई है। वे भी 50 दिनों तक जैन मुनि के सानिध्य में रहेंगे। सुविधाओं के बगैर भगवान की अराधना करते हुए किस तरह जीवन जीना चाहिए, इसकी सीख मिलेगी। कई युवा जीवन में त्याग, समर्पण और अनुशासन लाने के लिए इस तप में हिस्सा ले रहे हैं। समिति के मुताबित, इस तप में कोई भी व्यक्ति शामिल हो सकता है।

ज्योतिष

## पितृ पक्ष में पड़ेंगे सूर्य और चंद्र ग्रहण, इन राशियों की पलट सकती है किस्मत



वैदिक ज्योतिष अनुसार समय- समय पर ग्रहण लगते हैं। जिसका प्रभाव मानव जीवन और देश- दुनिया पर पड़ता है। आपको बता दें कि पितृ पक्ष में इस साल 2 ग्रहण पड़ने जा रहे हैं, जिसमें सबसे पहले 17 सितंबर को चंद्र ग्रहण लगने जा रहा है। साथ ही पितृ पक्ष के आखिरी दिन 2 अक्टूबर को सूर्य ग्रहण लगने जा रहा है। मतलब पितृ पक्ष मे दो ग्रहण लगने जा रहे हैं। जिससे कुछ राशियों के अच्छे दिन शुरू हो सकते हैं। साथ ही इस समय आकस्मिक धनलाभ और तरक्की के योग बन रहे हैं। आइए जानते हैं ये लकी राशियां कौन सी हैं

**वृषभ राशि :** दोनों ग्रहण वृष राशि के जातकों को लाभकारी साबित हो सकता है। इस दौरान आपको समय- समय पर आकस्मिक धनलाभ हो सकता है। साथ ही इस दौरान घर के कामों में व्यस्तता के बाद भी आप अपने परिवार को भरपूर समय दे पाएंगे। आपके लिए कहीं से शुभ समाचार आएंगे। वहीं इस समय आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। साथ ही आपको मान- सम्मान और प्रतिष्ठा की प्राप्ति हो सकती है। वहीं इस दौरान व्यापारियों को अच्छा धनलाभ हो सकता है। साथ ही कारोबारी कोई बड़ी व्यवसायिक डील कर सकते हैं। वहीं नौकरीपेशा लोगों की पदोन्नति हो सकती है।

**तुला राशि :** तुला राशि के जातकों के लिए दोनों ग्रहण अनुकूल सिद्ध हो सकता है। इस अवधि में आपको काम- कारोबार में तरक्की मिल सकती है। वहीं नौकरी के बारे में किसी भी तरह की शुभ सूचना मिल सकती है। इस महीने आपको अचल संपत्ति और जमीन जायदाद से लाभ होगा। इस महीने आपकी कई योजनाएं जो चल रही हैं वे पूरी होंगी। आर्थिक रूप से निश्चिंतता रहेगी। साथ ही इस दौरान शादीशुदा लोगों का वैवाहिक जीवन शानदार रहेगा।

**धनु राशि :** धनु राशि के जातकों के लिए दोनों ग्रहण आपको शुभ फलदायी सिद्ध हो सकता है। इस दौरान में आपकी आय में जबरदस्त इजाफा हो सकता है। वहीं इस समय आपकी आय के नए सोर्स बन सकते हैं। साथ ही करियर में कई शुभ अवसर आपको मिलने वाले हैं। वहीं आपको भाग्य आपका पूरी तरह से साथ देने वाला है। इस अवधि में आपको मकान और वाहन का सुख भी मिल सकता है। साथ ही इस अवधि में अविवाहित लोगों को विवाह का प्रस्ताव मिल सकता है।

## 500 साल बाद बनेंगे 3 राजयोग, दिवाली से पहले इन राशियों की चमक सकती है किस्मत



वैदिक ज्योतिष अनुसार सितंबर के महीने में 3 राजयोग का निर्माण होने जा रहा है, जिसमें शनि ग्रह स्वराशि कुंभ में गोचर करते हुए शश राजयोग बना रहे हैं। ग्रहों के राजकुमार बुध 23 सितंबर को स्वराशि कन्या में प्रवेश करके भद्र राजयोग बनाएंगे। साथ ही धन के दाता शुक्र भी 18 सितंबर को स्वराशि तुला में गोचर करते हुए मालव्य राजयोग बना रहे हैं। यह अपने आप में विचित्र संयोग है कि 3 बड़े ग्रह स्वराशियों में गोचर करते हुए एक साथ 3 राजयोग बनाएंगे। जिससे दिवाली से पहले कुछ राशियों की किस्मत चमक सकती है। साथ ही इस समय आपको मान- सम्मान और प्रतिष्ठा की प्राप्ति हो सकती है। आइए जानते हैं ये लकी राशियां कौन सी हैं

**मेष राशि :** मेष राशि के जातकों के लिए तीन राशियोग लाभकारी साबित हो सकता है। इस दौरान आपको समय- समय पर आकस्मिक धनलाभ हो सकता है। साथ ही आय के नए स्त्रोत बन सकते हैं। वहीं इस समय आपको निवेश से लाभ मिल सकता है। वहीं आपके सहकर्मियों से भी आपको कुछ अच्छी खबरें मिलेंगी। इस महीने नया घर या वाहन खरीदने की आपकी ख्वाहिश पूरी हो सकती है। साथ ही इस समय आपको नई नौकरी के ऑफर मिल सकते हैं। वहीं इस दौरान आप देश- विदेश की यात्रा कर सकते हैं।

**वृष राशि :** तीन राजयोग का बनना वृष राशि के जातकों को अनुकूल सिद्ध हो सकता है। इस अवधि में आपकी आय में जबरदस्त इजाफा हो सकता है। साथ ही आपको अचल संपत्ति और जमीन जायदाद से लाभ होगा। ऑफिस में हर मामले में सहयोगी आपकी मदद करेंगे। वहीं इस दौरान शादीशुदा लोगों का वैवाहिक जीवन शानदार रहेगा। वहीं इस समय आर्थिक रूप से निश्चिंतता रहेगी। आपकी उपलब्धियां आपको अन्य सभी की प्रशंसा दिलाएंगी।

**कन्या राशि :** कन्या राशि वालों के लिए तीन राजयोग का बनना कन्या राशि के जातकों को लाभप्रद साबित हो सकता है। इस दौरान आपको काम- कारोबार में तरक्की मिल सकती है। वहीं इस दौरान व्यापारियों को अच्छा धनलाभ हो सकता है। साथ ही कारोबार का विस्तार हो सकता है। वहीं इस समय नौकरीपेशा लोगों को जूनियर और सीनियर का सहयोग प्राप्त होगा। वहीं नौकरीपेशा लोगों की पदोन्नति हो सकती है।

**कुंभ राशि :** तीन राजयोग का बनना कुंभ राशि के जातकों को लाभकारी साबित हो सकता है। इस दौरान आपके आत्मविश्वास में वृद्धि देखने को मिलेगी। साथ ही आपको मान- सम्मान और प्रतिष्ठा की प्राप्ति हो सकती है। साथ ही इस समय शादीशुदा लोगों का वैवाहिक जीवन शानदार रहेगा।

### विटामिन, खनिज और प्रोटीन जैसे कई पोषक तत्व मौजूद

# अपनी डाइट में शामिल करें खाने योग्य पत्तियां स्वास्थ्य के लिए हैं बेहद फायदेमंद

आम तौर पर हम खान-पान में पालक, पुदीने और केल जैसी पत्तेदार सब्जियां शामिल करते हैं। हालांकि, कई अन्य पौधों में भी खाने योग्य पत्तियां उगती हैं, जो स्वास्थ्य लाभों से समृद्ध होती हैं। इन पत्तियों में विटामिन, खनिज और प्रोटीन जैसे कई पोषक तत्व मौजूद होते हैं। इनमें से कुछ पत्तियों को कच्चा खाया जा सकता है, तो कुछ को पकाने की जरूरत पड़ती है। डाइट में ये खाने योग्य पत्तियां शामिल करके आपको कई स्वास्थ्य लाभ मिलेंगे।



### शहतूत की पत्तियां

शहतूत के पेड़ पर उगने वाली बेरी स्वाद में लाजवाब होती ही हैं, लेकिन इसकी पत्तियां भी बेहद स्वस्थ होती हैं। इन पत्तियों का स्वाद हल्का तीखा होता है और यह विटामिन-सी और आयरन से भरपूर होती हैं। आप शहतूत की पत्तियों को आपने आहार का हिस्सा बनाकर कोलेस्ट्रॉल और ब्लड शुगर को कम कर सकते हैं।

### अजवाइन की पत्तियां

अजवाइन के पौधे में छोटी-छोटी पत्तियां उगती हैं, जिन्हें खान-पान में इस्तेमाल किया जाता है। इनमें एंटीसेप्टिक गुण मौजूद होते हैं, जिन्हें खाने से खांसी, जुखाम और अस्थमा जैसी समस्याएं दूर होती हैं। अजवाइन की पत्तियों से पेट संबंधी समस्याओं का उपचार होता है और वजन घटाने में मदद मिलती है। साथ ही, इनके सेवन से आप जोड़ों के दर्द और पीरियड्स के दर्द को भी मिटा सकती हैं। इन पत्तियों से आप पकौड़ियां, अचार और मसाले बना सकते हैं।

### मोरिंगा की पत्तियां

आपने मोरिंगा, मोरिंगा के पानी व जूस के लाभों के बारे में तो सुना होगा। हालांकि, इस पेड़ की पत्तियां भी कई पोषक तत्वों से लैस होती हैं। इन पत्तियों में कई रोगाणुरोधी गुण होते हैं और ये विटामिन-सी से भरपूर होती हैं। इनके सेवन से पुरानी बीमारियां ठीक होती हैं, ब्लड प्रेशर नियंत्रित रहता है और रोग प्रतिरोधक क्षमता भी मजबूत होती है। आप मोरिंगा या सहजन की पत्तियों से पराठे, हर्बल चाय या सलाद आदि बना सकते हैं।

### पान के पत्ते

पान के पत्ते भारतीय खान-पान में विशेष स्थान रखते हैं, क्योंकि इन्हें व्यंजनों के साथ-साथ पूजा-पाठ में भी इस्तेमाल किया जाता है। आप इन पत्तों के सेवन से पाचन स्वास्थ्य को दुरुस्त कर सकते हैं, ब्लड शुगर को नियंत्रित कर सकते हैं और दांतों को मजबूत बना सकते हैं। साथ ही पान के पत्ते त्वचा की देखभाल के लिए भी फायदेमंद होते हैं और वजन प्रबंधन में मदद करते हैं।

### सरसों के पत्ते

सरसों के बीजों के साथ ही इस पौधे की पत्तियां भी पौष्टिक और खाने योग्य होती हैं। ये पत्तियां किसी भी व्यंजन में कड़वा और मसालेदार स्वाद जोड़ देती हैं। इन पत्तियों में विटामिन ए, सी, के पोटैशियम, कैल्शियम और एंटीऑक्सिडेंट मौजूद होते हैं। इनके सेवन से आप हृदय रोग से सुरक्षित रहेंगे और आपकी किडनी व फेफड़े भी स्वस्थ रहेंगे। आप इन पत्तियों से सलाद, सब्जी और सूप आदि बना सकते हैं।

## फिटकरी से न सिर्फ त्वचा, बल्कि बालों और सेहत को भी मिल सकते हैं अनेक लाभ

फिटकरी एक क्रिस्टलीय पदार्थ होता है, जिसका स्वाद कसैला और खट्टा होता है। यह कई लाभकारी यौगिकों से भरपूर होता है। इसलिए इसका सौंदर्य और त्वचा की देखभाल के उत्पादों के लिए सदियों से किया जाता आ रहा है। हालांकि, इसके लाभ महज त्वचा तक सीमित नहीं है,बल्कि बालों और शरीर पर भी इसके सीमित इस्तेमाल का अच्छा प्रभाव पड़ सकता है। आइए जानते हैं कि फिटकरी क्या-क्या लाभ प्रदान करने में सक्षम है।

### घाव को जल्द भरने में है प्रभावी

अगर कभी चोट लग जाए या उंगली या हाथ आदि पर थोड़ा कट लग जाए तो इनके घाव भरने के लिए भी फिटकरी का इस्तेमाल किया जा सकता है। इसका कारण है कि फिटकरी में असट्रिन्जन्ट और हेमोस्टेटिक गुण होते है, जो घाव, कटने और मुंह के छालों को जल्द भरने में मदद कर सकते हैं। लाभ के लिए गुनगुने पानी में थोड़ी फिटकरी मिलाएं, फिर इससे प्रभावित हिस्से को दिन में 2-3 बार साफ करें।

**कील-मुंहासों का बन सकता है असरदार उपाय :** फिटकरी के एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-सेप्टिक गुण इसे कील-मुंहासों के खिलाफ एक शक्तिशाली घरेलू नुस्खे के तौर पर इस्तेमाल करने के लायक बनाता है। यह मुंहासों पैदा करने वाले बैक्टीरिया को मारने में मदद कर सकता है और सूजन को कम कर सकता है। लाभ के लिए पानी में थोड़ी फिटकरी मिलाकर इसे रूई से प्रभावित हिस्से पर लगाएं, फिर 20 मिनट के बाद त्वचा को ठंडे पानी से धो लें।

## घर के गमले में भी ऊग जाती है इलायची पोषण का है खज़ाना, इस तरीके से लगाएं

इलायची का सेवन सेहत के लिए बेहद लाभकारी होता है। माउथ फ्रेशनर के तौर पर भी इलायची खायी जाती है। लगभग सभी घरों में इलायची मार्केट से खरीदी जाती है, लेकिन आप चाहें तो इसे घर पर भी उगा सकते हैं। इससे आपकी जेब का भार भी कम हो जाएगा। गार्डनिंग का शौक रखने वाले लोग आसानी से इलायची प्लांटेशन कर सकते हैं।



**इलायची उगाने का तरीका :** सामग्री- इलायची के बीज, गमला, अच्छी गुणवत्ता वाली मिट्टी खाद, पानी का छिड़काव करने वाला यंत्र

**इलयाची उगाने के चरण :** बीजों को तैयार करें: इलायची के फल को तोड़कर बीज निकाल लें। बीजों को पानी में एक दिन के लिए भिगो दें। इससे बीजों का अंकुरण जल्दी होगा। गमले को तैयार कर बोएं बीज : एक बड़े गमले का चुनाव करें। गमले में अच्छी गुणवत्ता वाली मिट्टी और खाद को मिलाकर भर दें। मिट्टी को हल्का गीला रखें। बीज बोएं: मिट्टी में छोटे-छोटे गड्ढे बनाएं और प्रत्येक गड्ढे में एक-एक बीज रखें। बीजों को मिट्टी से ढक दें।

**देखभाल के लिए महत्वपूर्ण टिप्स :** गमले को धूप वाली जगह पर रखें। मिट्टी को हमेशा नम रखें, लेकिन पानी भरा न होने दें। नियमित रूप से खाद डालते रहें।



## पढ़ाई के साथ बच्चों को जरूर सिखाएं अच्छी बातें, कॅरियर में आएंगी बड़े काम

माता-पिता बनना जीवन का सबसे खूबसूरत अहसास तो है, लेकिन इसके साथ ही एक महत्वपूर्ण और चुनौतीपूर्ण जिम्मेदारी में से एक है। बच्चे का सही पालन-पोषण न सिर्फ उनके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करता है, बल्कि उसकी पर्सनालिटी और जीवन को भी बेहतर बनाता है। बच्चा जैसे-जैसे बड़ा होता है वो अपने माता-पिता और घर के लोगों को देखकर बातें और जीने का सलीका सीखता है।

हर माता-पिता अपने बच्चे का भविष्य उज्जवल बनाने के लिए बहुत से प्रयास करते हैं। एक से एक स्कूल और ट्यूशन में पढ़ाते हैं। इसी के साथ ही पेरेंट्स को चाहिए कि वो अपने बच्चों को सही दिशा में दिखाएं। शिक्षा और अच्छी आदतें की अहमियत उन्हें समझाएं और उनका पालन पोषण करें। जो हर माता-पिता करते हैं लेकिन बेहतर भविष्य के लिए पेरेंट्स बच्चे की पढ़ाई का खास ख्याल रखते हैं, लेकिन इसी के साथ ही आपको बच्चों को कुछ ऐसी आदतें और बातें सिखानी चाहिए, जो भविष्य में बच्चे के काम आएं।

**सही और गलत के बीच अंतर :** बच्चा जैसे-जैसे बड़ा होता है वो समझदार होने लगता है। ऐसे में जरूरी है कि आप अपने बच्चों को सही और गलत के बीच अंतर बताएं। बच्चों के सामने झूठ बोलने से बचें। अगर आप बच्चों के सामने झूठ बोलेंगे तो बच्चे आपसे सीखकर आप ही से या फिर किसी और से झूठ बोलेंगे। इसलिए उनके सामने झूठ न बोलें और न ही गलत भाषा का उपयोग करें। अगर बच्चा कुछ गलत बोलता है तो उसे समझाएं।

**सोशल इंटरैक्शन :** बच्चों को दूसरे लोगों से बात करनी आनी चाहिए ताकि भविष्य में उनके कम्युनिकेशन स्किल्स बेहतर हों और किसी से बात करने या अपनी बात दूसरों को समझने में वो हिचकिचाएं नहीं। इसके साथ ही उन्हें कॉम्पिटिशन में हिस्सा लेने के लिए प्रोत्साहित करें। उन पर जीत का दबाव ना डालें, बल्कि इससे बच्चे का कॉन्फिडेंस लेवल बढ़ेगा साथ ही उन्हें नया सीखने और दूसरे के साथ बातचीत करने का मौका मिलेगा।



**पॉजिटिव सोच :** बच्चों को पॉजिटिव सोच विकसित करने के लिए उनके सामने पॉजिटिव विचार रखें और उन्हें किसी चीज को लेकर डराएं नहीं बल्कि डटकर सामना करने और इसे समस्या का समाधान निकालने पर जोर दें। बच्चों को हर बात को पॉजिटिव तरीके से समझाएं।

































## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## एमी अवॉड्र्स शो के लिए वीर दास खुद लिखेंगे अपने संवाद



**लॉस एंजिल्स।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मशहूर भारतीय कॉमेडियन और अभिनेता वीर दास इस बार 52वें अतरराष्ट्रीय एमी अवॉड्र्स की मेजबानी करने वाले हैं। वह इस साल 25 नवंबर को न्यूयॉर्क में एमी अवॉड्र्स को होस्ट करते नजर आएंगे। अभिनेता इसे लेकर अपनी तैयारियों की चर्चा करते हुए कहा, मैं अब खुद पर दबाव डालना शुरू कर रहा हूं, मैं इसे खुद लिखने वाला हूं। चुटकुले कई तरह की चीजों से भरे होंगे। यह अमेरिकी चुनावों के कुछ सप्ताह बाद होगा, तब तक दुनिया में बहुत कुछ हो चुका होगा। उन्होंने आगे कहा कि दर्शकों में कई नामांकित व्यक्ति और कंटेंट निर्माता होंगे, जिनके बारे में मैं वो बात करना चाहेंगे। उन्होंने आगे कहा कि वह इस मौके को बहुत अच्छे से भुनाना चाहते हैं। वीर दास के लिए ये महीना काफी शानदार घटा है। इस महीने उनकी वेब सीरीज रिलीज कॉल मी बे हुई, जिसमें अनन्या पांडे भी नजर आई थीं। इस सीरीज में वह टीआरपी के भूखे न्यूज एंकर की भूमिका में नजर आए हैं। अपने इस किरदार को लेकर उन्होंने कहा, जब आप धर्मा के शो के बारे में सोचते हैं, तो आप सिर्फ अपने बारे में नहीं सोचते। मैं अपने किरदार को किसी पत्रकार का यूट्यूब वर्जन नहीं बनाना चाहता था। इसलिए, कॉलिन और मैंने उसे कैमरे के सामने एक बदमाश की तरह बनाया, जबकि कैमरे के बाहर उसे एक बेवकूफ की तरह दिखाया।

### टॉलीवुड

## अदिति और सिद्धार्थ की उम्र में कितना अंतर ऐसे शुरू हुई थी दोनों सितारों की प्रेम कहानी



**मुंबई।** अभिनेत्री अदिति राव हैदरी और साउथ अभिनेता सिद्धार्थ एक दूसरे के साथ शादी के पवित्र बंधन में बंध चुके हैं। दोनों साल 2021 से एक-दूसरे के साथ रिलेशनशिप में थे। सिद्धार्थ और अदिति ने इसी साल मार्च में सगाई की थी। अब उन्होंने शादी की घोषणा करते हुए अपने प्रशंसकों को चौंका दिया है। दोनों सितारों ने 400 साल पुराने तेलंगाना के श्री रंगनायकस्वामी मंदिर में गुपचुप शादी कर ली है। नवविवाहित जोड़े ने अपने इंस्टाग्राम पर शादी की पहली तस्वीरें साझा करते हुए लिखा, तुम मेरे सूरज हो, मेरे चंदा और मेरे सभी सितारे हो, हमेशा पिक्सी सोलमेट बने रहो, हंसी के लिए, कभी बड़े न होने के लिए, शाश्वत प्रेम, प्रकाश और जादू के लिए।' उनकी इस घोषणा से प्रशंसक काफी खुश हैं और उन्हें शुभकामनाएं दे रहे हैं। अदिति राव हैदरी और सिद्धार्थ पहली बार साल 2021 में तेलुगु फिल्म महा समुद्रम की शूटिंग के दौरान मिले थे। उनके डेटिंग की खबरें साल 2023 में तब आनी शुरू हुईं, जब उन्होंने एक वायरल रील में तमिल फिल्म एनिमी के गाने 'तुम तुम' पर डांस किया। अदिति का जन्म 28 अक्टूबर 1986 को आंध्र प्रदेश के हैदराबाद में हुआ। वर्तमान समय में उनकी उम्र 37 वर्ष है। वहीं, सिद्धार्थ का जन्म 17 अप्रैल 1979 को चेन्नई में हुआ, जो कि 44 वर्ष के हैं। दोनों की उम्र के बीच सात साल का फासला है। इससे पहले अभिनेत्री अदिति राव हैदरी की शादी सत्यदीप मिश्रा से हुई थी। चार साल साथ रहने के बाद दोनों की राहें जुदा हो गई। सत्यदीप ने भी मसाबा गुप्ता से शादी कर ली है। वहीं, दूसरी ओर सिद्धार्थ की भी यह दूसरी शादी है। इससे पहले उनकी शादी मेघना नरायण से हुई थी। दोनों ने साल 2007 में एक-दूसर से तलाक ले लिया था।

### भोजपुरी

## सइयां सिपाही देवरा किसान गाने की यूट्यूब पर माही और करिश्मा की धूम



**नई दिल्ली।** भोजपुरी की मशहूर सिंगर करिश्मा कक्कड़ और जानी-मानी एक्ट्रेस माही श्रीवास्तव का नया गाना रिलीज सइयां सिपाही देवरा किसान रिलीज हो गया है। माही श्रीवास्तव अपनी फिल्म जया की वजह से कुछ समय से सुर्खियों में हैं और इस फिल्म से उनको जबरदस्त लोकप्रियता भी हासिल हुई है। माही श्रीवास्तव की आने वाली फिल्म 'लॉटरी' है। बेशक लॉटरी को रिलीज होने में अभी थोड़ा समय है, लेकिन हमेशा की तरह माही श्रीवास्तव ने एक बार फिर अपने एक्सप्रेशंस से फैन्स का दिल जीतने में कामयाबी हासिल की है। करिश्मा कक्कड़ का गाया और माही श्रीवास्तव की शानदार अदाकारी वाला भोजपुरी लोकगीत 'सइयां सिपाही देवरा किसान' वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। भोजपुरी सॉन्ग 'सइयां सिपाही देवरा किसान' जय जवान जय किसान का नारा बुलंद कर रहा है। इसके वीडियो में दर्शाया गया है कि एक बहु अपने ससुराल में पूरे परिवार की तारीफ करती हुई दिख रही है। वह अपने सौभाग्य को लेकर काफी खुश है। उसे मायके के जैसा फील आ रहा है। उसका पति फौजी जवान देश की सेवा में रत है और देवर किसान है, जो खेतों में अन्न उपजाकर देश के लोगों पेट भरता है।

## लाइफ स्टाइल

## प्रिंटेड ड्रेसेस बेस्ट चॉइस



किसी भी पार्टी के लिए सही कपड़े चुन पाना कभी-कभी मुश्किल हो जाता है। खासकर तब जब आप चाहते हैं कि आप सबसे अलग नजर आए। फ्लोरल प्रिंट कभी भी आउट ऑफ फैशन नहीं होता, फ्लोरल प्रिंटेड ड्रेसेस में एक खास बात होती है कि वे हर मौसम में और हर अवसर पर अच्छी लगती है। आप चाहें तो फ्लोई फ्लोरल मैक्सी ड्रेस का चुनाव कर सकती हैं, जो न केवल आरामदायक होती है, बल्कि आपको एक एलीगेंट और स्टाइलिश लुक भी देती है। अगर आप पार्टी में बोल्ड और कॉन्फिडेंट लुक चाहती हैं, तो एनिमल प्रिंटेड ड्रेस आपकी पहली पसंद होनी चाहिए। एनिमल प्रिंट, खासकर चीता या ज़ेबरा प्रिंट, फैशन की दुनिया में एक स्टेटमेंट पीस माना जाता है। यह आपको न केवल ग्लैमरस बनाता है, बल्कि आपकी पर्सनैलिटी को भी उभारता है। इस ड्रेस को आप ब्लैक हील्स और गोल्डन ज्वेलरी के साथ ट्राइ कर सकती हैं।

## बालों की कई समस्याओं का प्राकृतिक इलाज कर सकता है कपूर, जानिए इस्तेमाल के तरीके

आमतौर पर कपूर का इस्तेमाल पूजा के कामकाज में होता है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि यह एक औषधि की तरह बालों की समस्याओं का प्राकृतिक इलाज करने में काफी सहयोग प्रदान कर सकता है। इसका कारण है कि इसमें ऐसे यौगिक होते हैं, जो बालों को मजबूती देने और स्कैल्प को स्वस्थ रख सकते हैं। आइए जानते हैं कि बालों पर किन-किन तरीकों से कपूर का इस्तेमाल किया जा सकता है।

**कपूर के तेल में गुड़हल के फूल का पेस्ट मिलाकर लगाएं :** अगर आपके बाल रूखे हो गए हैं तो कपूर के तेल और गुड़हल के फूलों का मिश्रण उन्हें नमी युक्त बनाए रखने में मदद कर सकता है। लाभ के लिए गर्म तिल के तेल में 6-8 गुड़हल के फूल डालें और जब तेल का रंग बदल जाए तो पैन को ढककर अलग रख दें। थोड़ी देर बाद इसमें कपूर के तेल की कुछ बूंदें मिलाएं। अब इस मिश्रण को बालों में लगाने के 30-45 मिनट बाद शैंपू से धो लें।



**दही और कपूर का मिश्रण है प्रभावी :** बालों को जड़ से मजबूत बनाने के लिए कपूर और दही के मिश्रण का इस्तेमाल करें। इसके लिए सबसे पहले दही में कपूर का पाउडर मिलाएं। अब इस मिश्रण को बालों की जड़ों में अच्छे से लगा लें। इसके बाद करीब 30 मिनट के बाद हल्के गुनगुने पानी और शैंपू से बालों को धो लें।

### कपूर के साथ जैतून के तेल का मिश्रण भी है फायदेमंद

अगर आपके सिर में बहुत खुजली या संक्रमण है तो कपूर और जैतून के तेल का मिश्रण आपकी समस्या को दूर कर सकता है। लाभ के लिए एक कटोरे में जैतून का तेल डालें, फिर उसमें थोड़ा-सा कपूर का पाउडर मिलाएं। अब इस मिश्रण को अपने सिर पर लगाकर धीरे-धीरे अपने स्कैल्प पर मसाज करें। इसके करीब 30 मिनट के बाद शैंपू से बालों को धो लें।

### कपूर और नीम भी है मददगार

एंटी-बैक्टीरियल गुणों से भरपूर नीम डैंड्रफ से राहत दिलाने में मदद कर सकता है, जबकि कपूर स्कैल्प से गंदगी को दूर कर सकता है। लाभ के लिए सबसे पहले कुछ नीम की पत्तियों को मिक्सी में पीस लें, फिर इसमें पिसा हुआ कपूर मिलाएं। अब इस मिश्रण को स्कैल्प पर अच्छे से लगाएं और इसे करीब 40 मिनट तक ऐसे ही छोड़ दें।

## त्यौहारों में स्टाइल करें प्रिंटेड सिल्क साड़ी, खूबसूरती में लगेगा चार चांद

फैशन



इन दिनों त्योहारों का सिलसिला जारी है और एक के बाद एक त्याहोर आ रहे हैं। ऐसे खास मौके पर अक्सर महिलाएं साड़ी पहनना पसंद करती हैं। ऐसे में अगर आप कुछ स्टाइलिश डिजाइन की साड़ी सर्च कर रही है, तो आज हम आपको प्रिंटेड सिल्क साड़ी के कुछ लेटेस्ट डिजाइन बताने जा रहे हैं, जिसे आप ओणम पर वियर कर सकती हैं। चाहें तो आप गणपति विसर्जन में भी वियर कर सकती हैं। हालांकि, इस तरह की साड़ी ओणम में काफी अच्छी लगेगी। साथ ही इसमें आपको एक परफेक्ट लुक भी मिलेगा। चलिए आपको बताते हैं किस तरह की प्रिंटेड साड़ी को आप ट्राई कर सकती है।

**सिंपल प्रिंटेड सिल्क साड़ी:** ओणम में पहनने के लिए आप सिंपल प्रिंटेड सिल्क साड़ी कैरी कर सकती हैं। इस तरह की साड़ी आपको सिंपल और सोबर लुक देगी। फेस्टवल पर पहनने के लिए ये साड़ी काफी बेस्ट है। क्योंकि त्योहारों में घर में बहुत काम होता है।। इसलिए महिलाएं सिंपल साड़ी ही वियर करना पसंद करती है।

**कलरफुल प्रिंटेड कॉटन सिल्क साड़ी :** अगर आप कॉटन सिल्क फैब्रिक साड़ी को पहनना चाहती हैं, तो आप इस तरह की कलरफुल प्रिंटेड साड़ी को खरीदकर स्टाइल कर सकती हैं। यह साड़ी पहनने के बाद काफी खूबसूरत लगेगी। साथ ही एक अक्ट्रिव लुक भी देगा। इस लुक को पूरा करने के लिए बालों में गजरा स्टाइल कर सकते हैं।




**प्रिंटेड सॉफ्ट सिल्क साड़ी :** ओणम पर आप कुछ अलग ट्राई करने के बारे में सोच रही हैं, तो आप प्रिंटेड सॉफ्ट सिल्क साड़ी वियर कर सकती हैं। इस तरह की साड़ी पहनने के बाद एलिगेंट लुक देती है। इस लुक को कंप्लीट करने के लिए आप मिनिमल मेकअप और बन हेयर स्टाइल के साथ गजरा स्टाइल कर सकती हैं। इसके अलावा गणेश विसर्जन में ये साड़ी ट्राई कर सकती हैं।

## हिरोइन जैसा दिखने महंगे कपड़ों या मेकअप की जरूरत नहीं

कई महिलाएं सोचती रह जाती हैं कि, वे बॉलीवुड की हीरोइनों जैसी आकर्षक नजर आएं, लेकिन ऐसा कर नहीं पाती, क्योंकि उन्हें फैशन सेंस की ज्यादा समझ नहीं होती। अब आप सोच रही होंगी कि, एक्ट्रेस जैसा दिखने के लिए तो महंगे कपड़ों या फिर महंगे मेकअप की जरूरत होती है। लेकिन ऐसा बिलकुल नहीं है, क्योंकि सही फैशन टिप्स और स्टाइलिंग के लिए आपको बस इतना करना होगा...

**फिटिंग का रखें ध्यान :** फिटिंग सही होने पर कोई भी आउटफिट शानदार लग सकता है। हीरोइनों के आउटफिट्स हमेशा फिटेड और उनके बॉडी टाइप के हिसाब से होते हैं। इससे उनके लुक को एक स्टाइलिश और परफेक्ट अपील मिलती है। चाहे आप जींस और टॉप पहन रहीं हो या ट्रेडिशनल लहंगा, सही फिटिंग सबसे ज्यादा मायने रखती है। अगर आपके कपड़े ज्यादा ढीले होंगे, तो वे आपके लुक को बिगाड़ सकते हैं। इसलिए सबसे पहले अपने बॉडी टाइप को पहचानें, इसके बाद ही कपड़ों को चुनें...



### लेयरिंग से स्टाइलिश लुक

किसी भी साधारण आउटफिट को स्टाइलिश और ग्लैमरस बनाने का लेयरिंग एक शानदार तरीका है। हीरोइने अक्सर अपने लुक्स में लेयरिंग का इस्तेमाल करती हैं, चाहे वह जैकेट हो, श्रग हो या स्कार्फ, गर्मियों में हल्के श्रग का इस्तेमाल करें। सर्दियों में स्टाइलिश जैकेट या ब्लेज़र कैरी करें। एक साधारण टॉप या ड्रेस पर स्कार्फ या स्टोल डालें, इससे आपका लुक फाइनल टच में और भी खूबसूरत दिखेगा।


**एक्सेसरीज़ का इस्तेमाल :** हीरोइनें अपने लुक को पूरा करने के लिए एक्सेसरीज़ का बखूबी इस्तेमाल करती हैं। सही एक्सेसरीज़ आपके साधारण से आउटफिट को बेहद खास बना सकती हैं। चाहे वह ईयररिंग्स हों, नेकपीस, ब्रेसलेट, बैग, या सनग्लासेज, ट्रेडिशनल लुक के लिए ऑक्सीडाइज़्ड ज्वेलरी या बड़े स्टेटमेंट नेकलेस का चुनाव करें।

## हर सीजन और हर ड्रेस पर 3 इयररिंग डिजाइन जो कभी आउट ऑफ ट्रेंड नहीं होते

आप ट्रेडिशनल लुक अपनाएं या वेस्टर्न लुक, सही इयररिंग्स आपके आउटफिट को और भी ज्यादा सुंदर बना देता है। हर सीजन में इयररिंग्स के नए-नए ट्रेंड्स आते रहते हैं, जो फैशन लवर्स के बीच काफी पॉपुलर होते हैं। यहां हम आपको 3 ऐसे इयररिंग्स के बारे में बताएंगे, जो न सिर्फ स्टाइलिश हैं, बल्कि हर मौके पर आपको काफी पसंद आएंगे।

**हूप्स इयररिंग्स :** हूप्स इयररिंग्स सदाबहार होते हैं, जो किसी भी फैशन ट्रेंड में फिट हो जाते हैं। ये गोल आकार के होते हैं और साइज में छोटे से बड़े तक आते हैं। हूप्स इयररिंग्स का सबसे बड़ा फायदा यह है कि वे हर तरह के आउटफिट के साथ आसानी से मेल खाते हैं, चाहे आप जींस-टी-शर्ट पहनें या फिर ट्रेडिशनल साड़ी और सूट।

**टैसल इयररिंग्स :** अगर आप अपने



लुक में कुछ मस्ती और रंग भरना चाहती हैं, तो टैसल इयररिंग्स एक बेहतरीन ऑप्शन हैं। टैसल इयररिंग्स लंबे धागों या लेयर्स से बने होते हैं और इन्हें विभिन्न रंगों और डिज़ाइनों में लिया जा सकता है। ये इयररिंग्स आपके पूरे लुक में एक नया अंदाज जोड़ते हैं और खासतौर पर पार्टी या इवेंट्स के लिए परफेक्ट होते हैं।

**स्टड इयररिंग्स :** अगर आप कुछ सिंपल और क्लासी चाहती हैं, तो स्टड इयररिंग्स से बेहतर कोई ऑप्शन नहीं है। स्टड्स छोटे और नाजुक होते हैं, लेकिन उनकी खूबसूरती और क्लासिक लुक कभी पुराना नहीं होता।

### कैसे चुनें सही इयररिंग्स ?

इयररिंग्स चुनते समय आपको कुछ खास बातों का ध्यान रखना चाहिए- आपके चेहरे के आकार के अनुसार इयररिंग्स का चुनाव करना महत्वपूर्ण है। गोल चेहरे के लिए लम्बी इयररिंग्स, जबकि पतले चेहरे के लिए छोटे इयररिंग्स सही लगते हैं। वहीं अवसर के अनुसार इयररिंग्स का चयन करें। पार्टी के लिए टैसल इयररिंग्स, ऑफिस के लिए स्टड्स और डेली वियर के लिए हूप्स एकदम सही होते हैं। इसके अलावा कपड़ों के कलर के देखते हुए इयररिंग लेंगे तो आप और भी ज्यादा खूबसूरत नजर आएंगे।

कार्नर न्यूज

## मराठी मोलगी जैसा लुक रखेंगी तो न केवल आप सुंदर बल्कि सबसे अलग दिखेंगी

## पर्व चाहे कोई भी हो, अलग दिखने मराठी मुलगी वाले लुक में हों तैयार

देश में त्यौहारों का मौसम प्रारंभ हो गया। 7 सितंबर से हर्षों-उल्लास के साथ गणेश चतुर्थी का त्योहार मनाया जाने लगा और आज अनंत चतुर्दशी पर मूर्तियों का विसर्जन होगा। इसके बाद दुर्गा उत्सव, दशहरा फिर दीपावली और अन्य त्योहार एक के बाद आएंगे। ऐसे में हर त्यौहार में एक सा सजना संवरना महिलाओं को पसंद नहीं होता, हालांकि वे कई तरह से अपना लुक सुंदर बनाती हैं लेकिन अगर आप त्यौहारों में मराठी मोलगी जैसा लुक रखेंगी तो न केवल आप सुंदर बल्कि सबसे अलग दिखेंगी। मराठी लुक में तैयार होने के लिए ये तरीके अपनाएं।



### नौवारी साड़ी पहनें

नौवारी साड़ी मराठी महिलाओं द्वारा पहनी जाने वाली सबसे लोकप्रिय पोशाक है। यह साड़ी 9 मीटर लंबी होती है, जिसके कारण इसका नाम नौवारी रख गया था। आप मराठी मुलगी जैसा लुक पाने के लिए यह साड़ी पहन सकती हैं। इसे पहनने के लिए इसे कमर पर लपेटकर गांठ बांधें। अब एक कोने को पैरों के बीच से धोती की तरह ले जाएं और पीछे की ओर फंसा दें। बाकी कपड़े से प्लीट बनाकर अपने कंधे पर पिन कर दें।

### इस तरह से करें मेकअप

जिस तरह हर देश का मेकअप अलग होता है, वैसे ही हर भारतीय राज्य में भी विशेष तरह का मेकअप किया जाता है। मराठी मेकअप टिप्स में सबसे पहला स्टेप है फाउंडेशन लगाना। अपनी आंखों पर गहरा काला काजल व आईलाइनर लगाएं और साड़ी के रंग का आईशैडो भी लगा लें। अब गालों पर गुलाबी ब्लश लगाएं और गाढ़े रंग की लिपस्टिक का चुनाव करें।

### बालों में लगाएं खुशबूदार गजरा

मराठी स्टाइल में तैयार होने के लिए आपको अपने बालों को बांधकर जूड़ा बनाना चाहिए। अपनी पसंद के अनुसार जूड़ा बांधें और उसपर खुशबूदार मोगरे के फूलों से बना गजरा लगाएं। महाराष्ट्र, गुजरात और दक्षिण भारत में महिलायें गजरे को बालों के आभूषण के तौर पर इस्तेमाल करती हैं। आप चाहें तो जूड़े की जगह चोटी बांधकर उसपर भी गजरा लगा सकती हैं।

### मराठी नथ भी लगेगी सुंदर

मराठी महिलाओं की तरह तैयार होने के फैशन टिप्स में सबसे जरूरी स्टेप है मराठी नथ पहनना। महाराष्ट्र में खास मौकों पर महिलायें यह नथ पहनती हैं, जिसके बिना श्रृंगार अधूरा माना जाता है। इसमें रंग-बिरंगे मोती व स्टोन्स लगे होते हैं और यह लटकन वाली नथ होती है। बाजार में कई



### मराठी जेवर पहनकर पूरा करें श्रृंगार

केवल नौवारी साड़ी पहनना ही आपको मराठी मुलगी जैसा महसूस नहीं करा सकता। इसके लिए आपको मराठी महिलाओं जैसे जेवर भी पहनने होंगे। महाराष्ट्र की महिलायें विशेष रूप से सोने के आभूषण पहनती हैं। आप सबसे पहले गले में सोने का चोकर और एक लंबा हार पहनें। इसके बाद कानों में सोने की लटकन वाली झुमकियां पहनें और हाथों में चूड़ियों संग कंगन सजाएं। अंत में अपने लुक में चार-चांद लगाने के लिए उंगलियों में बड़ी-गोल अंगूठियां पहन लें।